Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवबन्द में प्रसारित

दैनिक
गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक
# वेलकम इंडिया
नये भारत की नई सोच
RNI NO. UPHIN/2018/76874

वर्ष: 6 अंक: 42 | बुधवार, 12 फरवरी -2025 (गाजियाबाद) | पेज-9 | मूल्य-एक रुपया

## महाकुंभ 2025

# माघी पूर्णिमा के अवसर पर संगम पर उमड़ा जनसैलाब

**नई दिल्ली।**



महाकुंभ का पांचवा स्नान पर्व माघी पूर्णिमा को यानी आज है। 'माघी पूर्णिमा' के अवसर पर महाकुंभ में श्रद्धालु स्नान के लिए पहुंच रहे हैं। महाकुंभ के अपर मेला अधिकारी विवेक चतुर्वेदी ने कहा कि आज 'माघी पूर्णिमा' का स्नान है इस बार मेले में अप्रत्याशित भीड़ आई है। स्नान का कार्य जारी है। भारी संख्या में श्रद्धालु यहां आ रहे हैं। समस्त तैयारियां की गई हैं। ये स्नान कल पूरा दिनभर तक चलेगा। भीड़ को देखते हुए महाकुंभ क्षेत्र में वाहनों का प्रवेश एक दिन पहले से ही रोक दिया गया है। प्रयागराज शहर को भी नो व्हीकल जोन घोषित कर दिया गया है। सिर्फ आपात सेवा और आवश्यक सेवाओं वाले वाहन चलेंगे। भीड़ में थोड़ी वृद्धि है लेकिन स्थिति पूरी तरह से नियंत्रण में है। श्रद्धालु स्नान के बाद तेजी के साथ वापस भी लौट रहे हैं। मेले के अंदर कहीं भी जाम जैसी स्थिति नहीं है। आज मेला चलता फिरता हुआ नजर आ रहा है। आस्था के इस महापर्व पर महाकुंभ मेला क्षेत्र में मंगलवार दिन से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी थी। शाम तक तो लाखों की संख्या में स्नानार्थी संगम तट पर पहुंच चुके थे। स्नान का शंखनाद होते ही पुण्य की डुबकी लगने लगी। बस अड्डों, स्टेशनों, पार्किंग स्थलों से संगम की ओर से पूरी रात श्रद्धालुओं का रेला चलता रहा। प्रयागराज आने वाले हर मार्ग पर वाहनों का तांता लगा हुआ है। श्रद्धालुओं पर बुधवार सुबह आठ बजे से हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा भी कराई जाएगी।

**2.5 करोड़ श्रद्धालु पुण्य की डुबकी लगा सकते हैं**

### माघी पूर्णिमा पर स्नान की खास बातें

- 11 फरवरी की शाम 6 बजकर 55 मिनट से पूर्णिमा तिथि प्रारंभ
- 12 फरवरी की शाम 7 बजकर 22 मिनट तक हो सकेगा महास्नान
- 2.5 करोड़ श्रद्धालुओं के स्नान करने का लगाया गया है अनुमान
- श्रद्धालुओं पर 25 क्विंटल पुष्प की वर्षा हेलीकॉप्टर से कराई जाएगी
- 15 जिलों के डीएम, 20 आईएएस व 85 पीसीएस अफसर ड्यूटी में

# काशी विश्वनाथ धाम दर्शन करने आए तीन श्रद्धालुओं ने तोड़ा दम

**वाराणसी।**



श्रीकाशी विश्वनाथ धाम में दर्शन की कतार मंगलवार को पूर्व के स्नान पर्वों से कुछ अधिक ही लंबी रही। इसमें घंटों से कतार में लगे कई श्रद्धालु अचेत होकर गिर पड़े। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने उनका प्राथमिक उपचार किया। गंभीर हालत में तीन लोगों को आनन-फानन कबीरचौरा स्थित मंडलीय अस्पताल भेजा गया।

यहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। इसमें नार्थ-वेस्ट दिल्ली की शक्ति माथुर, सिलीगुड़ी के मुन्ना लाल, छपरा-बिहार के संजय शाह शामिल हैं। सभी प्रयागराज महाकुंभ से काशी दर्शन के लिए आए थे। साथ आए लोग उनके शव लेकर घर चले गए। इसके अलावा कैंट स्टेशन पर देर रात तबीयत बिगड़ने पर मुजफ्फरनगर-बिहार के विजैल सेन को अस्पताल लाया गया। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। काशी विश्वनाथ, गंगा दर्शन के लिए प्रयाग-अयोध्या होते हुए देश भर से श्रद्धालु उमड़ रहे हैं। इसी वजह से हाईवे से लेकर श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर परिक्षेत्र तक की सड़कें जाम हो चुकी हैं। इतना ही नहीं, गलियों तक में श्रद्धालुओं की भीड़ जमा है। भीड़ के चलते दशाश्वमेध समेत गंगा के विभिन्न घाटों पर होने वाली नैत्यिक सांध्य आरती स्थगित कर दी गई है। हालांकि सांकेतिक रूप से विधान पूरा किया जाएगा।

आमजन की सुरक्षा की दृष्टि से यह निर्णय लिया गया। गंगा सेवा निधि, गंगोत्री सेवा समिति समेत विभिन्न समितियों की ओर से श्रद्धालुओं को गंगा आरती देखने के उद्देश्य से घाट पर न आने की अपील की गई। काशी दर्शन के लिए आ रहे श्रद्धालुओं की चिकित्सा के लिए स्वास्थ्य विभाग की ओर से विभिन्न स्थानों पर चिकित्सा शिविर लगाए गए हैं। प्रयागराज, जौनपुर, गाजीपुर, आजमगढ़ रोड समेत गांव से शहर तक समस्त चिकित्सा इकाइयों को अलर्ट मोड में रखा गया है। उनमें डॉक्टरों-कर्मचारियों की 24 घंटे तैनाती के साथ ही बेड आरक्षित किए गए हैं। निजी अस्पतालों को भी अलर्ट मोड में रखा गया है।

# पीएम मोदी पहुंचे मार्सिले



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चार दिवसीय फ्रांस-अमेरिका की यात्रा पर हैं। यात्रा के पहले चरण में उन्होंने फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ 'एआई एक्शन समिट' की सह-अध्यक्षता की। इस दौरान उन्होंने कई द्विपक्षीय बैठकें भी कीं। इसके बाद आज वे मार्सिले पहुंचे हैं। जहां प्रथम और द्वितीय विश्व युद्ध में शहीद हुए भारतीय सैनिकों को भी श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। फ्रांस के बाद पीएम मोदी अमेरिका रवाना हो जाएंगे। जहां राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ उनकी बैठक प्रस्तावित है। गौरतलब है कि ट्रंप के दूसरी बार सत्ता में लौटने के बाद पीएम मोदी का यह पहला अमेरिका दौरा है। मार्सिले पहुंचने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने होटल में भारतीय प्रवासियों से मुलाकात की। इस दौरान पीएम मोदी एक छोटी बच्ची को पुचकारते और प्यार करते भी नजर आए।

# नेतन्याहू ने गाजा पट्टी में फिर से लड़ाई शुरू करने की धमकी दी



**तेल अवीव।** इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन ने गाजा के आसपास और भीतर सैनिकों की तादाद बढ़ाने का आदेश दिया, क्योंकि हमास ने शनिवार को बंधकों की रिहाई को टालने की धमकी दी। नेतन्याहू ने सैनिकों से हर स्थिति के लिए तैयार रहने को कहा है। इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने गाजा पट्टी के आसपास और भीतर सैनिकों की तादाद बढ़ाने का आदेश दिया। यह घटनाक्रम ऐसे समय में आया है, जब हमास ने शनिवार को बंधकों की तय रिहाई को रद्द करने की चेतावनी दी। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि नेतन्याहू ने अधिकारियों से यह भी कहा है कि अगर हमास बंधक बनाए गए हमारे लोगों को शनिवार तक रिहा नहीं करता है तो हर स्थिति के लिए तैयार रहें। इस चेतावनी ने संघर्षविराम समझौते को संकट में डाल दिया है। संघर्षविराम समझौते के तहत हमास ने फलस्तीनी कैदियों के बदले 21 बंधकों को रिहा किया था। हालांकि, उसने सोमवार को कहा कि वह तीन और बंधकों को रिहाई टाल रहा है, क्योंकि इस्राइल ने गाजा में पर्याप्त मदद नहीं पहुंचने दी।

# महाकुंभ मेले में अव्यवस्था पर मुख्यमंत्री योगी को आया गुस्सा, लगाई अधिकारियों को फटकार

**लखनऊ।**



महाकुंभ में तमाम तरह की अव्यवस्था को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की कड़ी फटकार के बाद आला अधिकारियों ने प्रयागराज पहुंचकर अब मोर्चा संभाला है।

योगी ने अव्यवस्था के लिए जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध अब कड़ी कार्रवाई के भी संकेत दिए हैं। माना जा रहा है कि 26 फरवरी को महाकुंभ के अंतिम स्नान के बाद लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई होगी। मुख्यमंत्री ने सबसे ज्यादा नाराजगी प्रयागराज को जाने वाले मार्गों पर यातायात व्यवस्था को लेकर जताई है। चौतरफा जाम के लिए उन्होंने एडीजी यातायात के सत्यनारायण, प्रयागराज जोन के एडीजी भानु भास्कर सहित अन्य संबंधित अधिकारियों को आड़े हाथों लेते हुए उनकी सक्रियता पर गंभीर सवाल उठाए। सूत्र बताते हैं कि मुख्यमंत्री ने अपने दायित्वों के प्रति लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों को हटाते हुए सक्रिय अधिकारियों को तैनात करने के निर्देश दिए हैं। सोमवार देर रात वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए तत्काल प्रभाव से जाम की समस्या समाप्त की जाए। योगी ने महाकुंभ में स्वच्छता व परिवहन व्यवस्था को भी लेकर संबंधित अधिकारियों को फटकारा। मुख्यमंत्री के कड़े रुख को देखते हुए नगर विकास विभाग के प्रमुख सचिव अमृत अभिजात मंगलवार को प्रयागराज पहुंचे और स्वच्छता व परिवहन व्यवस्था में सुधार के प्रयास शुरू किए।

# चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम में बदलाव, बुमराह-जायसवाल बाहर, हर्षित-वरुण को मौका



**नई दिल्ली।**

तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह पीठ में चोट के कारण बाहर हो गए हैं। उनकी जगह युवा गेंदबाज हर्षित राणा को टीम में शामिल किया गया है। इसके अलावा लेग स्पिनर वरुण चक्रवर्ती को 15 सदस्यीय स्क्वॉड का हिस्सा बनाया गया है, वह यशस्वी जायसवाल की जगह टीम में शामिल होंगे।

चैंपियंस ट्रॉफी की शुरूआत में अब ज्यादा वक्त नहीं बचा है। 19 फरवरी से शुरू होने वाले टूनामेंट से पहले मंगलवार को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने अपडेटेड स्क्वॉड का एलान कर दिया। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह पीठ में चोट के कारण बाहर हो गए हैं। उनकी जगह युवा गेंदबाज हर्षित राणा को टीम में शामिल किया गया है। इसके अलावा लेग स्पिनर वरुण चक्रवर्ती को 15 सदस्यीय स्क्वॉड का हिस्सा बनाया गया है, वह यशस्वी जायसवाल की जगह टीम में शामिल होंगे। बीसीसीआई ने मोहम्मद सिराज, शिवम दुबे और यशस्वी जायसवाल को रिजर्व के तौर पर रखा है। चैंपियंस ट्रॉफी के लिए सभी आठ टीमों को फाइनल स्क्वॉड की सूची मंगलवार यानी 11 फरवरी तक सौंपनी थी। बीसीसीआई ने भी अपने फाइनल स्क्वॉड में दो बदलावों के साथ 15 सदस्यीय स्क्वॉड की सूची आईसीसी को सौंप दी। इसमें जसप्रीत बुमराह और यशस्वी जायसवाल को बाहर का रास्ता दिखाया गया है जबकि हर्षित राणा और वरुण चक्रवर्ती को टीम में शामिल किया गया है।

## जन्म से नागरिकता पर मचा है अमेरिका में बवाल

**नई दिल्ली।** ट्रंप प्रशासन की अपील उस मामले से जुड़ी है, जिसमें अप्रवासी अधिकार समूहों और गर्भवती माताओं ने पिछले सप्ताह मैरीलैंड में मामला दायर किया था। इस मामले में यूएस जिला जज डेबोरा बोर्डमैन ने कहा था कि उनकी अदालत राष्ट्रपति के आदेश का समर्थन नहीं करेगी, क्योंकि जन्म से नागरिकता को संविधान के 14वें संशोधन द्वारा 'अनमोल अधिकार' कहा गया है।

# भाजपा की समीक्षा बैठक आज



**नई दिल्ली।** भाजपा के अनुसार चुनाव प्रबंधन समितियों की इस बैठक में समितियों के प्रमुख पदाधिकारियों से चुनाव के दौरान बरती गई नीतियों का आकलन और खामियों पर चर्चा होगी। हारी हुई विधानसभा सीट का भी आंकलन भाजपा करेगी।

बुधवार को इसे लेकर समीक्षा बैठक होनी है। 22 सीटों पर मिली हार के कारणों के साथ-साथ लोगों में पार्टी संगठन के प्रति विश्वास मजबूत करने में रह गई चूक पर चर्चा होगी। भाजपा नेतृत्व की तरफ से यह बैठक बुलाई गई है। पार्टी प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, प्रदेश प्रभारी बैजयंत पांडा, सह प्रभारी व प्रदेश संगठन महामंत्री पवन राणा की मौजूदगी बैठक होगी। उनके अलावा केंद्रीय शीर्ष नेतृत्व के प्रमुख पदाधिकारी भी इसमें शामिल रहेंगे। भाजपा के अनुसार चुनाव प्रबंधन समितियों की इस बैठक में समितियों के प्रमुख पदाधिकारियों से चुनाव के दौरान बरती गई नीतियों का आकलन और खामियों पर चर्चा होगी। आकलन किया जाएगा कि लोकसभा में जब 52 विधानसभा क्षेत्र में भाजपा ने बढ़त कायम की तो दिल्ली विधानसभा चुनाव में 48 सीट पर ही जीत क्यों दर्ज हुई।

## संसद में बोले अमित शाह

# सहारा समूह के जमाकर्ताओं को अब तक 2026 करोड़ रुपये वितरित किए



**नई दिल्ली।**

सहकारिता मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को संसद को सूचित किया कि इस साल 28 जनवरी तक सहारा ग्रुप ऑफ कोऑपरेटिव सोसाइटीज के 11.61 लाख जमाकताओं को 2,025.75 करोड़ रुपये वितरित किए गए हैं। उन्होंने लोकसभा में एक लिखित उत्तर में कहा कि यह वितरण सीआरसीएस-सहारा रिफंड पोर्टल के माध्यम से किया जाता है। इस पोर्टल को 29 मार्च, 2023 को सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद स्थापित किया गया था। इसका उद्देश्य वैध जमाकताओं को उनके धन को पुनः प्राप्त करने में सहायता करना है। वर्तमान में आधार से जुड़े बैंक खाते के माध्यम से सत्यापित दावों के विरुद्ध प्रत्येक वास्तविक जमाकर्ता को 50,000 रुपये तक का भुगतान किया जा रहा है। इसके अलावा, जमाकर्ता के आवेदन में किसी भी तरह की कमी पाए जाने पर उन्हें 15 नवंबर, 2023 को लांच किए गए रीसबमिशन पोर्टल के माध्यम से आवेदन को फिर से जमा करने के लिए सूचित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मंत्रालय सहारा समूह के वास्तविक जमाकताओं को भुगतान के लिए हर संभव कदम उठा रहा है। शाह ने कहा कि पायलट अनाज भंडारण योजना के तहत 11 राज्यों में स्थित 11 प्राथमिक कृषि ऋण समितियों में गोदामों का निर्माण पूरा हो गया है।

### आयुष्मान वय वंदन कार्ड

केंद्रीय स्वास्थ्य राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव ने एक लिखित जवाब में राज्यसभा को बताया कि इस वर्ष छह फरवरी तक 47 लाख से अधिक पात्र वरिष्ठ नागरिकों ने आयुष्मान वय वंदन कार्ड के लिए नामांकन कराया है। उन्होंने कहा कि 28 जनवरी तक 70 वर्ष या इससे अधिक आयु के कम से कम 1.10 लाख वरिष्ठ नागरिकों को अस्पताल में भर्ती होने की सुविधा प्रदान की गई जिस पर अनुमानित खर्च 202.96 करोड़ रुपये है।

## संपादक की कलम से

### राहतभरा कदम

कुछ ही समय पहले संसद में पेश सालाना बजट में सरकार ने आयकर को लेकर राहत की घोषणा की थी। अब एक हफ्ते बाद रिजर्व बैंक ने रेपो रेट कम करके आम आदमी को राहत देने की एक और कोशिश की है। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने तीन दिवसीय मौद्रिक नीति समिति की बैठक के बाद रेपो रेट में 25 बेसिस प्वाइंट की कटौती की घोषणा की है। इस तरह अब रेपो रेट 6.5 प्रतिशत से घटकर 6.25 रह गया है। सही मायनों में भारतीय अर्थव्यवस्था की चुनौतियों और बदलते अंतर्राष्ट्रीय परिदृश्य के मद्देनजर केंद्रीय बैंक ने आखिरकार बहुप्रतीक्षित दर में कमी की दिशा में कदम बढ़ाया है। यह पिछले पांच वर्षों में कटौती की दिशा में उठाया गया पहला कदम है। जो आर्थिक विकास और मुद्रास्फीति को संतुलित करने की दिशा में केंद्रीय बैंक के दृष्टिकोण में आए बदलाव का संकेत भी देता है। निश्चित रूप से यह निर्णय ऐसे समय में सामने आया है जब देश की आर्थिक गति धीमी नजर आ रही है। वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिये सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर का 6.7 फीसदी रहने का अनुमान लगाया जा रहा है। निश्चय ही यह वर्ष 2023–24 में हासिल की गई 8.2 प्रतिशत दर से काफी कम है। अब तक केंद्रीय बैंक मुद्रास्फीति पर अंकुश लगाने के मकसद से रेपो दर में कटौती से बचता रहा है। दरअसल, राजनीतिक नफा–नुकसान की दृष्टि से महंगाई का मुद्दा बेहद संवेदनशील होता है। विपक्ष महंगाई बढ़ने को सतारूढ़ दल की विफलता के रूप में दशार्ने की ताक में रहता है। हालांकि, अभी भी मुद्रास्फीति केंद्रीय बैंक के चार फीसदी के लक्षित मानक स्तर से ऊपर बनी हुई है। लेकिन धीमी पड़ती विकास दर की चुनौती को देखते हुए विकास व मुद्रास्फीति में संतुलन बनाने की कवायद की गई है। हालांकि, आरबीआई के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने अपनी पहली नीतिगत समीक्षा में लंबे समय तक दर कटौती चक्र की अटकलों को खारिज किया है। बहरहाल, देश के उद्योग जगत की हस्तियों ने रेपो दर में कटौती का स्वागत किया है। इसके बावजूद ऋण लेने की लागत पर इसके प्रभाव को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है। हालांकि, कुछ आर्थिक मामलों के जानकार मानते हैं कि रेपो दर में कटौती बेहद कम है और इसका लाभ देर से मिलेगा। इसकी मूल वजह यह भी है कि बैंक, पहले से ही नकदी तरलता की कमी का सामना कर रहे हैं। संभव है कि बैंक लोन लेने वालों को तुरंत लाभ न दें। वैसे रेपो दर में कटौती के बाद उपभोक्ताओं के ऋण की ईएमआई कम होने की उम्मीद तो जगी है। इसके अलावा केंद्रीय बैंक ने मौद्रिक नीति से परे वित्तीय लेनदेन में साइबर सुरक्षा बढ़ाने के उपाय भी किए हैं। जिसमें बैंकों व गैर बैंकिंग वित्तीय संस्थानों के लिये अलग डोमेन की जरूरत को महसूस किया गया है।


ललित शर्मा
संपादक

# कांग्रेस के बाद क्षेत्रीय दलों में भी पतन का दौर

देश की राजनीति में भारतीय जनता पार्टी का उभार और कांग्रेस सहित कई क्षेत्रीय दलों का पतन काफी कुछ कहता है। भले ही हार से बौखलाए मोदी और बीजेपी विरोधी नेता चुनाव में धांधली का आरोप लगा रहे हों ? सरकारी मशीनरी के दुरुपयोग की बात करते हों ? लेकिन ऐसा नहीं है कि विरोधियों को अपनी राजनैतिक कमजोरी और सियासी अपरिपक्वता का अहसास नहीं है, लेकिन बार-बार पराजित हो रहे यह नेता सच्चाई स्वीकार करने को तैयार नहीं हैं। जबकि सच्चाई यह है कि बीजेपी को छोड़कर देश की किसी भी राजनैतिक दल में लोकतांत्रिक व्यवस्था ही नहीं है। इसमें देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस सहित बहुजन समाज पार्टी, समाजवादी पार्टी, राष्ट्रीय जनता दल, बीजू जनता दल, उद्धव ठाकरे की शिवसेना, शरद पवार की एनसीपी, ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस जैसी पार्टियों की लम्बी चौड़ी लिस्ट हैं। अब इसमें नया नाम कट्टर ईमानदार ह्यआम आदमी पार्टीह्ल का भी जुड़ गया है।

हालांकि आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली हार के लिये अभी तक ईवीएम मशीन या सरकारी मशीनरी पर किसी तरह की धांधली का आरोप नहीं लगाया है, जबकि उसी समय उत्तर प्रदेश में अयोध्या की चर्चित मिल्कीपुर विधान सभा सीट पर मिली जबर्दस्त हार के बाद समाजवादी पार्टी का प्रलाप लगातार जारी है। ऐसा ही प्रलाप कांग्रेस अध्यक्ष खरगे, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, सहित उनकी पार्टी के तमाम नेता भी करते रहते हैं। हालात यह है कि हार से बौखला कर मोदी विरोधी नेता उन्हें (मोदी) और बीजेपी को ही नहीं चुनाव आयोग, सीबीआई, ईडी जैसी एजेंसियों के खिलाफ भी भड़ास निकालते रहते हैं। यह नेता मोदी को नीचा दिखाने के लिये देश की छवि भी खराब करने से नहीं चूकते हैं। इसमें विदेश से पढ़ाई करके आने वाले टेक्नोटेक सपा प्रमुख अखिलेश यादव और आईआरएस रह चुके अरविंद केजरीवाल जैसे पढ़े लिखे नेता शामिल हैं तो बिहार में लालू यादव के पुत्र तेजस्वी यादव भी आरोप-प्रत्यारोप वाली सियासत से ऊपर नहीं उठ पा रहे हैं।



दिल्ली में अरविंद केजरीवाल ने अपनी आभा को एकदम मटियामेट कर दिया है. जो केजरीवाल 12 साल पहले यूथ आइकॉन बनकर उभरे थे, वे अब धूल में लथपथ पड़े हैं. विधान सभा में ह्यदिल्ली का मालिक मैं हूंह्ल जैसे अहंकारी बयान देने वाले और हरियाणा सरकार पर यमुना नदी में जहर मिलाने का आरोप लगाकर अपनी फजीहत करा चुके अरविंद केजरीवाल दिल्ली जैसे आधे-अधूरे राज्य का मुख्यमंत्री रहने के बाद प्रधानमंत्री का ख्वाब देखने लगे थे मगर अब वे विधायकी भी गंवा बैठे। राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है, कि अरविंद जिस तेजी से राजनीति में चमके थे उसी तत्परता से औंधे मुंह जा गिरे। अब उनका कोई भविष्य नहीं है और इसकी वजह है उनका बड़बोलापन और भरोसे की राजनीति न करना एवं उनकी अवसरवादिता। दिल्ली में अरविंद केजरीवाल से अधिक भद्द राहुल गांधी की पिटी है। पिछले कई चुनावों से दिल्ली में शून्य सीटों का रिकॉर्ड राहुल गांधी और कांग्रेस के नाम दर्ज है।

> राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है, कि अरविंद जिस तेजी से राजनीति में चमके थे उसी तत्परता से औंधे मुंह जा गिरे। अब उनका कोई भविष्य नहीं है और इसकी वजह है उनका बड़बोलापन और भरोसे की राजनीति न करना एवं उनकी अवसरवादिता।

अरविंद केजरीवाल की तरह ही नेताजी मुलायम सिंह यादव की राजनैतिक विरासत संभाले हुए अखिलेश यादव की है। 2012 के विधानसभा चुनाव जीतने के बाद तत्कालीन सपा प्रमुख मुलायम सिंह यादव ने अपनी जगह अपने बेटे अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठा दिया था, जबकि अनुभव के नाम पर अखिलेश खाली हाथ थे। इसके बाद अखिलेश यादव अपने दम पर भले ही राजनीति में कुछ खास नहीं कर पाये हों, लेकिन उनके बड़बोलेपन और अपनी हार का ठीकरा दूसरों के सिर फोड़ने की महारथ के चलते खूब नाम कमा रहे हैं ।विवादित बयानबाजी की बात की जाये तो अखिलेश यादव अपने अयोध्या के सांसद अवधेश प्रसाद को अयोध्या का नया राजा कहकर प्रभु श्रीराम और उनके भक्तों का उपहास उड़ाने के चक्कर में खुद फजीहत करा बैठते हैं।

उन्हें ट्रॉफी की तरह अपने साथ लेकर घूमते थे, लेकिन मिल्कीपुर विधानसभा चुनाव में मिली हार के बाद अखिलेश अपने होश खो बैठे हैं। सपा नेता हार से इतना बौखला गये हैं कि पार्टी के महासचिव प्रो रामगोपाल यादव तो यूपी के सरकारी अधिकारियों को ही नसीहत देने लगे हैं कि वह मुख्यमंत्री योगी जी का आदेश सुनने की बजाये उन्हें नसीहत दें। अखिलेश यादव से लेकर शिवपाल यादव, रामगोपाल यादव हताशा में डूबते जा रहे हैं। रामगोपाल तो अयोध्या में रामलला के मंदिर को भी बेकार कह चुके हैं। सपा के तमाम नेता महाकुंभ में कथित अव्यवस्था को लेकर भी लगातार सीएम पर हमलावर हैं, लेकिन इससे समाजवादी पार्टी को हासिल क्या हो रहा है, यह प्रश्न चिन्ह बना हुआ है ।क्योंकि समाजवादी पार्टी का पीडीए पूरी तरह से ध्वस्त हो गया है। मिल्कीपुर में तो सपा को यादवों तक का वोट नहीं मिला। – **अजय कुमार**

## उदय किशोर साह



### मूरख बाँटे ज्ञान

कविता

जो हैं खुद का ज्ञान से दूर
वो जग में कहलाता अज्ञानी
मुरख की बस्ती में . बैठ कर
वो बाँट रहा ज्ञान अज्ञानी

कैसे कैसे हैं लोग धरा पर प्रभु
नहीं है जग में जिनका सम्मान
मूरख की बस्ती में बैठ कर
वो बाँट रहा ज्ञान अज्ञानी

धर्म की भूल गया हैं चर्चा
अधर्मी बना है वो अभिमानी
मूरख की बस्ती में बैठ कर
वो बाँट रहा ज्ञान अज्ञानी

ना है खुद की इज्जत व। मयार्दा
सीख लिया गुण है वो शैतानी
मूरख की बस्ती में बैठ कर
वो बाँट रहा ज्ञान अज्ञानी


भूल गया जो संस्कार जगत का
ना है खुद का वो स्वभिमाानी
मूरख की बस्ती में बैठकर
वो बाँट रहा ज्ञान अज्ञानी

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर , दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया । संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

संत रविदास जयन्ती- 12 फरवरी, 2025


# रैदास युगपुरुष और युगस्रष्टा सिद्ध संत थे


ललित गर्ग

महामना संत रविदास कहो या रैदास- भारतीय संत परम्परा, भक्ति आन्दोलन और संत-साहित्य के जहां महान्‌ हस्ताक्षर है, वहीं वे अलौकिक-सिद्ध संत, समाज सुधारक, साधक और कवि हैं। दुनियाभर के संत-महात्माओं में उनका विशिष्ट स्थान है। सद्गुरु रामानंद के पारस स्पर्श ने चर्मकार रैदास को भारत वर्ष का महान चमत्कारी एवं सिद्धात्मा संत बना दिया था। वे निर्गुण रंगी चादरिया रे, कोई ओढ़े संत सुजान को चरितार्थ करते हुए सद्भावना और प्रेम की गंगा को प्रवाहित किया। मन चंगा तो कठौती में गंगा, यह संत शिरोमणि रैदासजी के द्वारा कहा गया अमर सूक्ति भक्ति दोहा है, जो आज भी भारत के घर-घर में लोकप्रिय है। वे कबीर के समसामयिक कहे जाते हैं। उन्होंने जीवनपर्यन्त छुआछूत, ऊंच-नीच, जातिवाद जैसी कुरीतियों का विरोध करते हुए समाज में फैली तमाम बुराइयों के खिलाफ पुरजोर आवाज उठाई और उन कुरीतियों के खिलाफ निरन्तर कार्य करते रहे। समस्त भारतीय समाज को भेदभाव से ऊपर उठकर मानवता और भाईचारे की सीख देने वाले 15वीं सदी के महान समाज सुधारक संत रैदासजी को जो चेतना प्राप्त हुई, वह तन-मन के भेद से प्रतिबद्ध नहीं है, मुक्त है। उन्होंने अपनी सिद्धियों के जरिये समाज में व्याप्त आडम्बरों, अज्ञानता, झूठ, मक्कारी और अधार्मिकता का भंडाफोड़ करते हुए समाज को जागृत करने और नई दिशा देने का प्रयास किया।

रैदासजी ने समता और समरसता की शिक्षा भी दी, और हमेशा दलितों, वंचितों की विशेष रूप से चिंता भी की। स्पष्ट है कि रैदासजी जैसे महान भक्त जाति, क्षेत्र तथा व्यवसाय आदि बंधनों से मुक्त थे। इसलिए रैदासजी हर जाति, वर्ग तथा व्यवसाय के लोगों के लिए पूजनीय है। श्रीकृष्ण, श्रीराम, महावीर, बुद्ध के साथ-ही-साथ भारतीय अध्यात्म आकाश के अनेक संतों-आदि शंकराचार्य, नानक, रैदास, मीरा आदि की परंपरा में रविदासजी ने भी धर्म की त्रासदी एवं उसकी चुनौतियों को समाहित करने का अनूठा कार्य किया। जातिवाद एवं सम्प्रदायवाद के खिलाफ वातावरण बनाया। जीवन का ऐसा कोई भी आयाम नहीं है जो उनके दोहों-विचारों से अस्पर्शित रहा हो। अपनी कथनी और करनी से मृतप्रायः मानव जाति के लिए रविदासजी ने संजीवनी बूंटी का कार्य किया। इतिहास गवाह है, इंसान को ठोंक-पीट कर इंसान बनाने की घटना रविदासजी के काल में, रविदासजी के ही हाथों, उनकी रचनाओं-विचारों एवं कार्यों से हुई। रविदासजी के जन्म को लेकर कई मत हैं।

लेकिन उनके जन्म पर एक दोहा खूब प्रचलित है- ह्यचौदस सो तैंसीस कि माघ सुदी पन्दरास, दुखियों के कल्याण हित प्रगटे श्री गुरु रविदास- इस पंक्ति के अनुसार गुरु रविदास का जन्म माघ मास की पूर्णिमा को रविवार के दिन 1433 को हुआ था। इसलिए हर साल माघ मास की पूर्णिमा तिथि को रविदास जयंती के रूप में मनाया जाता है जोकि इस वर्ष 12 फरवरी 2025 को है। रैदास पंथ का पालन करने वाले लोगों में रविदास जयंती का एक विशेष महत्व है। रविदासजी का जन्म उत्तर प्रदेश के वाराणसी के गोवर्धनपुर गाँव में एक मोची परिवार में हुआ था। मध्यकाल की प्रसिद्ध संत मीराबाई भी रविदासजी को अपना आध्यात्मिक गुरु मानती थीं। रविदासजी ने लोगों को एक नई राह दिखाई कि घर-गृहस्थी में रहकर और गृहस्थ जीवन जीते हुए भी शील-सदाचार और पवित्रता का जीवन जिया जा सकता है तथा आध्यात्मिक ऊंचाइयों को प्राप्त किया जा सकता है। अपनी सामान्य पारिवारिक पृष्ठभूमि के बावजूद भी रविदासजी भक्ति आंदोलन, हिंदू धर्म में भक्ति और समतावादी आंदोलन में एक प्रमुख पुरोधा पुरुष के रूप में उजागर हुए।



जूते बनाने का कार्य करने वाले संत रैदास ने आध्यात्मिक ज्ञान अर्जित करने के लिए समाधि, ध्यान और योग के मार्ग को अपनाते हुए असीम ज्ञान प्राप्त किया और अपने इसी ज्ञान के जरिये पीड़ित मानवता, समाज एवं दीन-दुखियों की सेवा कार्य में जुट गए। जूते बनाने के कार्य से उन्हें जो भी कमाई होती, उससे वे संतों की सेवा किया करते और उसके बाद जो कुछ बचता, उसी से परिवार का निर्वाह करते थे। रैदासजी श्रीराम और श्रीकृष्ण भक्त परंपरा के कवि और संत माने जाते हैं। उनके प्रसिद्ध दोहे आज भी समाज में प्रचलित हैं जिन पर कई धुनों में भजन भी बनाए गए हैं। जैसे, प्रभुजी तुम चंदन हम पानी- इस प्रसिद्ध भजन को सभी गुनगुनाते हैं। क्योंकि उन्होंने कभी धन के बदले आत्मा की आवाज को नहीं बदला तथा शक्ति और पुरुषार्थ के स्थान पर कभी संकीर्णता और अकर्मण्यता को नहीं अपनाया। रैदासजी के उच्च आदर्श और उनकी वाणी, भक्ति एवं अलौकिक शक्तियों से प्रभावित होकर अनेक राजा-रानियों, साधुओं-महात्मा तथा विद्वज्जनों ने उनको सम्मान दिया है।

जब भारतीय समाज और धर्म का स्वरूप रूढ़ियों एवं आडम्बरों में जकड़ा एवं अंधकारमय था तब संत गुरु रविदास एक रोशनी बनकर समाज को दिशा दी। वे ईश्वर को पाने का एक ही मार्ग जानते थे और वो है ह्यभक्तिह्ल। हर जाति, वर्ग, क्षेत्र और सम्प्रदाय का सामान्य से सामान्य व्यक्ति हो या कोई विशिष्ट व्यक्ति हो - सभी में विशिष्ट गुण खोज लेने की दृष्टि उनमें थी। गुणों के आधार से, विश्वास और प्रेम के आधार से व्यक्तियों में छिपे सद्गुणों को वे पुष्प में से मधु की भाँति उजागर करने में सक्षम थे। परस्पर एक-दूसरे के गुणों को देखते हुए, खोजते हुए उनको बढ़ाते चले जाना रविदासजी के सर्वधर्म समभाव या वसुधैव कुटुम्बकम्‌के दर्शन का द्योतक है। पवित्रता, मानवीयता, आत्मनिर्भरता, सहिष्णुता और एकता रैदासजी के मुख्य धार्मिक संदेश थे। हिंदू धर्म के साथ ही सिख धर्म के अनुयायी भी गुरु रविदास के प्रति श्रद्धा भाव रखते हैं। यही कारण है कि रविदासजी की 41 कविताओं को सिखों के पांचवें गुरु अर्जुन देव ने पवित्र ग्रंथ आदिग्रंथ या गुरुग्रंथ साहिब में शामिल कराया था। गुरु रविदासजी ने शिक्षा के महत्व पर जोर दिया और अपने शिष्यों को उच्चतम शिक्षा पाने के लिए प्रेरित किया। रविदासजी कवि मात्र ना होकर युगपुरुष और युगस्त्रष्टा कहलाए। न तो किसी शास्त्र विशेष पर उनका भरोसा रहा और ना ही उन्होंने जीवन भर स्वयं को किसी शास्त्र में बाँधा। रविदासजी ने समाज की दुखती रग को पहचान लिया था। वे जान गए थे कि हमारे सारे धर्म और मूल्य पुराने हो गए हैं। नई समस्याएँ नए समाधान चाहती हैं। नए प्रश्न, नए उत्तर चाहते हैं। नए उत्तर, पुरानेपन से छुटकारा पाकर ही मिलेंगे।

रविदासजी एक सिद्ध एवं अलौकिक संत थे। एक कथा के अनुसार रविदासजी बचपन में अपने साथियों के साथ खेल रहे थे। उनमें से एक साथी अगले दिन खेलने नहीं आता है तो रविदासजी उसे ढूंढ़ते हुए उसके घर तक पहुंच जाते हैं। उसकी मृत्यु हो गई और वे मृत शरीर को देखकर बहुत दुखी होते हैं और अपने मित्र को बोलते हैं कि उठो ये समय सोने का नहीं है, मेरे साथ खेलो। इतना सुनकर उनका मृत साथी खड़ा हो जाता है। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि संत रविदासजी को बचपन से ही आलौकिक शक्तियां प्राप्त थी। संत गुरु रविदास ने स्वयं को ही पग-पग पर परखा और निथारा।

स्वयं को भक्त माना और उस परम ब्रह्म परमात्मा का दास कहा। वह अपने और परमात्मा के मिलन को ही सब कुछ मानते। शास्त्र और किताबें उनके लिये निरर्थक और पाखण्ड था, सुनी-सुनाई तथा लिखी-लिखाई बातों को मानना या उन पर अमल करना उनको गंवारा नहीं। इसीलिये उन्होंने जो कहा अपने अनुभव के आधार पर कहा, देखा और भोगा हुआ ही व्यक्त किया, यही कारण है कि उनके दोहे इंसान को जीवन की नई प्रेरणा देते थे। रविदासजी शब्दों का महासागर हैं, ज्ञान का सूरज हैं। उनके बारे में जितना भी कहो, थोड़ा है, उन पर लिखना या बोलना असंभव जैसा है। सच तो यह है कि बूंद-बूंद में सागर है और किरण-किरण में सूरज। उनके हर शब्द में गहराई है, सच का तेज और ताप है। मीराबाई के आमंत्रण पर संत रैदासजी चित्तौड़गढ़ आ गये लेकिन यहां भी उनकी गंगा भक्ति तनिक भी कम नहीं हुई। वहीं पर उनका 120 वर्ष की आयु में निर्वाण हुआ। भारतीय सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक परिवेश में संत रैदासजी गंगा भक्ति इतिहास में एक अमिट आलेख एवं सुनहरा पृष्ठ है।

# जनपद स्तरीय कृषक गोष्ठी मेला का किया गया आयोजन

**वेलकम इण्डिया**





**सिद्धार्थनगर**। एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना वर्ष 2024-25 के अन्तर्गत जनपदस्तरीय कृषक गोष्ठी/मेला का आयोजन मंगलवार को राजकीय अलंकृत उद्यान पार्क में हुआ। जिलाध्यक्ष भाजपा कन्हैया पासवान की अध्यक्षता एवं जिलाधिकारी डॉ0 राजागणपति आर0 की उपस्थिति रहें। जिलाध्यक्ष भाजपा कन्हैया पासवान के साथ जिलाधिकारी डॉ0 राजागणपति आर0 द्वारा फीता काटकर एवं दीप प्रज्ज्वलन कर गोष्ठी कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। जिला उद्यान अधिकारी नन्हे लाल वर्मा द्वारा भाजपा जिलाध्यक्ष और जिलाधिकारी का स्वागत किया गया।

जिलाध्यक्ष भाजपा कन्हैया पासवान ने कहा कि भारत सरकार/प्रदेश सरकार द्वारा किसानों को कृषि के लिए व कृषि यंत्रो पर सब्सिडी उपलब्ध करायी जा रही है जिससे किसान अच्छे ढंग से वैज्ञानिक विधि से खेती कर सकें और उनकी आय दोगुनी हो सकें। जिलाधिकारी डॉ0 राजागणपति आर0 ने कहा कि जनपद सिद्धार्थनगर कालानमक चावल के लिए जाना जाता है। कालानमक के साथ-साथ बागवानी और हरी सब्जियों की खेती करनी चाहिए। जिलाधिकारी ने जिला उद्यान अधिकारी को निर्देष दिया कि उद्यान विभाग के अन्तर्गत भारत सरकार/प्रदेश सरकार द्वारा जो भी योजनायें चल रही हैं, उसकी जानकारी किसानों को उपलब्ध करायें तथा उनका लाभ दिलायें। जिला उद्यान अधिकारी नन्हेलाल वर्मा द्वारा उद्यान विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के बारें में जानकारी देते हुये बताया कि प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के अन्तर्गत ड्रिप/माइक्रो/मिनी संयत्र की स्थापना हेतु लघु/सीमान्त कृषकों को 90 प्रतिशत तथा सामान्य कृषकों को 80 प्रतिशत अनुदान दिया जाता है। एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना के अन्तर्गत आम, लीची, पपीता, केला की खेती तथा फूलों की खेती, मशाले की खेती, मधुमक्खी पालन आदि कर सकते हैं।

प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के अन्तर्गत फल एवं सब्जियों का प्रसंस्करण, अनाज प्रसंस्करण, बेकरी प्रसंस्करण, मशरूम उत्पादन आदि इकाई की स्थापना आदि नये उद्यम लगाने पर 35 प्रतिशत अनुदान उपलब्ध कराया जा रहा है। जिलाध्यक्ष भाजपा कन्हैया पासवान व जिलाधिकारी डॉ0 राजागणपति आर0 द्वारा उद्यान विभाग के 15 प्रगतिशील किसानों को अंगवस्त्र एवं प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कृषि विज्ञान केन्द्र सोहना के वैज्ञानिक डा0 प्रदीप कुमार, डॉ0 प्रवीण कुमार मिश्रा, लीड बैंक अधिकारी आर0के0 सिन्हा, उपायुक्त उद्योग उदय प्रकाश, कृषि रक्षा अधिकारी विवके दूबे व किसान भाई उपस्थित थे।

## ईपीएफ खाते और यूएएन को आधार से जोड़ने की समयसीमा एक बार फिर बढ़ी

**बरेली**। ईपीएफओ से जुड़े निजी क्षेत्र के नए कर्मचारियों के लिए यूनिवर्सल अकाउंट नंबर (यूएएन) को सक्रिय करने की समयसीमा एक बार फिर बढ़ा दी गई है। कर्मचारियों को अब अपने यूएएन और बैंक खाते को 15 फरवरी तक हर हाल में आधार से लिंक करना होगा। आपको बता दे कि यह समयसीमा पहले भी कई बार बढ़ाई जा चुकी है। पहले इसकी अंतिम तिथि 15 जनवरी थी। ईपीएफओ सदस्यों के लिए यूनिवर्सल अकाउंट नंबर (यूएएन) को सक्रिय करना अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह 12 अंकों की विशेष स्थायी संख्या, जो कर्मचारी के पीएफ खाते से जुड़ी होती है और जीवनभर वही रहती है, भले ही नौकरी कितनी भी बदली जाएं। कर्मचारी का यूएएन सक्रिय होने के बाद आसानी से ईपीएफओ की ऑनलाइन सेवाओं का लाभ उठाया जा सकता हैं। इसमें पीएफ खाते का प्रबंधन करना, पासबुक देखना और डाउनलोड करना, निकासी, अग्रिम या ट्रांसफर के लिए ऑनलाइन आवेदन करना शामिल है।

# जल संरक्षण एवं जल संवर्धन पर सीईओ सभागार में हुई एक दिवसीय सेमिनार

**वेलकम इंडिया**



**बागेश्वर**। जल संरक्षण एवं संवर्धन विषय पर मंत्रम संस्था एवं यूकोस्ट देहरादून द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी सभागार बागेश्वर में एक दिवसीय सेमिनार/ संगोष्ठी का आयोजन किया गया।कार्यक्रम के उद्घाटन नगर पालिका अध्यक्ष सुरेश खेतवाल,विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव जयेन्द्र सिंह विधायक प्रतिनिधि भाष्कर दास,एवं मंत्रम संस्था अध्यक्ष मधुसूदन जोशी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।,

संगोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में हिमालय ग्रामीण विकास समिति राजेंद्र बिष्ट पर्यावरण विद् और वृक्ष प्रेमी किशन मलडा,यूकोस्ट के जिला समन्वयक दीप चंद्र जोशी ने अपना सम्बोधन दिया।कार्यक्रम में पहुचे मुख्य अतिथि पालिकाध्यक्ष सुरेश खेतवाल ने1कहा कि प्राकृतिक जल स्रोतों को उनके मूल अवस्था को स्थिर रखते हुए सौंदरीकरण किया जाना चाहिए। सचिव जिला विधिक प्राधिकरण जयेन्द्र सिंह ने छात्रों को जल संरक्षण एवं पर्यावरण के विषय पर विभिन्न कानूनों की जानकारी दी।वही पर्यावरणविद औ? पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले वृक्ष पुरुष किशन सिंह मलड़ा ने कहा कि मानवों की भांति भी वृक्ष अपना भोज्य पदार्थ का निर्माण करते हैं, वृक्ष हमें नवजीवन प्रदान करते हैं, आज के परिवेश में जहाँ वृक्ष है वहा पर्यावरण स्वच्छ है।वृक्ष धरा की अनमोल धरा है।हम सभी को अपने अपनों के नाम पर एक वृक्ष अवश्य लगाना चाहिए और स्वयं अपने बच्चों की तरह उसकी देखभाल करनी चाहिए।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राजेंद्र बिष्ट ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से जल के प्राकृतिक स्रोत वर्षा जल ,नदियां, नौले, गधेरे, इनको संरक्षित करने के उपाय और तकनीक की जानकारी दी।

## भतीजी की संपत्ति में चाचाओं ने की धोखाधड़ी:फर्जी तरीके से कब्जा, केस दर्ज

**बाँसी/सिद्धार्थनगर**। जनपद के बांसी कोतवाली क्षेत्र में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। गोनहा ताल गांव की रहने वाली सुनीता ने अपने तीन चाचाओं पर संपत्ति हड़पने का आरोप लगाते हुए मिश्रौलिया थाने में मुकदमा दर्ज कराया है।सुनीता ने बताया कि वह अपने माता-पिता की इकलौती संतान है। उसके पिता श्याम नारायण की मृत्यु 20 वर्ष पहले और मां सावित्री देवी की मृत्यु 17 वर्ष पहले हो गई थी।उस समय सुनीता मात्र 7 वर्ष की थी। माता-पिता की मृत्यु के बाद उसके नाना-नानी ने बांसी के गरगजवा में उसका पालन-पोषण किया और वहीं से गोनहा ताल में सुनील के साथ उसकी शादी कर दी।इसी दौरान उसके तीनों चाचा - राम अचल, राजमन और रामकला (पुत्रगण मोती, निवासी धोबहा) ने ग्राम प्रधान और सहायक चकबंदी अधिकारी से मिलकर कूटरचना की। गलत बयान दर्ज कराकर सुनीता की पैतृक संपत्ति को अपने नाम करवा लिया। जब सुनीता ने इस बारे में चाचाओं से बात की, तो उन्होंने न केवल गालियां दीं बल्कि जान से मारने की धमकी भी दी। थाना प्रभारी हरिओम कुशवाहा के अनुसार, पीड़िता की शिकायत पर धारा 318(4), 383, 363(3), 352, 351(3) बीएस के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और मामले की विवेचना शुरू कर दी गई है। पुलिस जल्द ही दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करेगी।

## चुप्पी तोड़ हल्ला बोल' कार्यक्रम के तहत बाल यौन शोषण रोकथाम पर विशेष जागरूकता



**उसका/सिद्धार्थनगर**। समाधान अभियान और इंडिया पेस्टिसाइड्स लिमिटेड के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को एक महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन किया गया। विकास खंड उसका बाजार स्थित कंपोजिट पूर्व माध्यमिक विद्यालय सिंहोरवा में 'चुप्पी तोड़ हल्ला बोल' कार्यक्रम के तहत बाल यौन शोषण रोकथाम पर विशेष जागरूकता सत्र आयोजित किया गया।कार्यक्रम में वॉलंटियर सुशील कुमार ने बच्चों को पोक्सो एक्ट 2012 के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बच्चों को सुरक्षित स्पर्श, असुरक्षित स्पर्श और असहज स्पर्श के बीच अंतर समझाया, जिससे वे किसी भी प्रकार के दुर्व्यवहार को पहचान सकें और उससे बच सकें।कार्यशाला में विद्यालय के प्रधानाचार्य राम लोटन यादव, शिक्षक नरेंद्र पांडे, शिक्षिका सोनम सिंह और वॉलंटियर शिखा रानी मैत्रा सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे समाज कल्याण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

## पडित दीन दयाल उपाध्याय पुष्यतिथि पर युवाक्रान्ति ने किया माल्या अर्पण



**प्रतापगढ़**। युवा क्रांति के कार्यकताओं ने जनसंघ के संस्थापक पंडित दीन दयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर नगर के स्टेशन रोड स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। युवा क्रांति के संरक्षक अखिलेश मिश्रा ने नगरपालिका पर महापुरुषों के अपमान का आरोप लगाया। भाजपा नेता ललित तिवारी ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय गरीबों के असली मसीहा थे। इस दौरान सुशील चंद्र शुक्ला, अखिलेश मिश्रा, अच्युतानंद पाण्डेय, रोहित सिंह, मनीष भारती, साकेत पांडेय, अविनाश मिश्रा, सचिन केसरवानी, अभिषेक सोनी, दीपेंद्र मिश्र, आशुतोष दुबे आदि मौजूद रहे।

# इंटरनेट का सुरक्षित प्रयोग विषय पर कार्यशाला का आयोजन : जिलाधिकारी

**वेलकम इंडिया**



**बिजनौर**। जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में एनआईसी सभागार में ₹इंटरनेट का सुरक्षित प्रयोग₹ विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला सूचना विज्ञान अधिकारी अर्जुन चौधरी, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर मनोज सेन, डॉक्टर प्रभा रानी, सहायक जिला पंचायत राज अधिकारी रिजवान अहमद सहित अन्य विभाग अधिकारी एवं कलेक्ट्रेट सहित विभिन्न कार्यालय के कर्मचारी मौजूद थे।

जिलाधिकारी जसजीत कौर ने कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए इलेक्ट्रॉनिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार के निदेशों के क्रम में जानकारी देते हुए बताया कि प्रत्येक वर्ष माह फरवरी के दूसरे मंगलवार को विश्व स्तर पर सुरक्षित इंटरनेट दिवस मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष भी 11 फरवरी 2025 को सुरक्षित इंटरनेट दिवस मनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इसका उद्देश्य सरकारी एवं अर्द्ध सरकारी कार्यालयों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को इंटरनेट और सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग के प्रति जागरूक करना और उन्हें साइबर फ्रॉड से सुरक्षित रखना है। उन्होंने कहा कि जानकारी के अभाव में अधिकतर लोग साइबर फ्रॉड का शिकार हो जाते हैं जिसके कारण उन्हें कभी-कभी भारी आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ता और व्यक्तिगत डाटा भी चोरी हो जाता है। उन्होंने बताया कि इंटरनेट का प्रयोग करते समय किसी भी अनजाने लिंक पर क्लिक न करें हो सकता है, वह साइबर अपराधियों से संबंधित हो। उन्होंने बताया कि डिजिटल अरेस्टिंग जैसी कोई भी वैधानिक प्रक्रिया नहीं है, यदि इस प्रकार की कोई कॉल आती है तो तत्काल उसकी सूचना दें, ताकि साइबर अपराधियों के खिलाफ समुचित स्तर से उचित कार्य अमल में लाई जा सके।

उन्होंने सचेत करते हुए यह भी कहा कि किसी भी व्यक्ति को अपना ओटीपी, क्रेडिट कार्ड अथवा अकाउंट नंबर शेयर न करें तथा अनजानी इंटरनेट कॉलिंग को रिसीव करते हुए विशेष रूप से सुरक्षा बरतें और ज्यादा बेहतर है कि उसको रिसीव न करें और यदि किसी कारणवश कॉल रिसीव कर ली गई है तो उसके बताए हुए किसी भी निर्देश का पालन कदापि न करें। उन्होंने यह भी कहा कि अपने घरों के सदस्यों खास तौर से पढ़ने वाले बच्चों द्वारा प्रयोग किए जाने वाले फोन को सुरक्षित रूप से प्रयोग करने के लिए प्रेरित करें और समय-समय पर साइबर फ्रॉड से सुरक्षित रखने के लिए उनके मोबाइल को मॉनिटर करते रहें। उन्होंने कहा कि सतर्कता और जागरूकता से ही साइबर अपराध पर नियंत्रण किया जा सकता है।

## नकाबपोश बदमाशों ने कट्टे की नोक पर ग्राहक सेवा केंद्र संचालक से 1.93 लाख की लूट

**वेलकम इण्डिया**

**चिल्हिया/सिद्धार्थनगर**। बदमाशों के हौसले पुलिस के पहरे पर भारी पड़ता नजर आ रहा है। चिल्हिया थानाक्षेत्र में एक हफ्ते में दो लूट व एक भीषण चोरी की घटना को अंजाम देने से क्षेत्र के लोगों में भय समा गया है। सोमवार की देर सायंकाल चिल्हिया थानाक्षेत्र ग्राम धेंसा नहर के पास ग्राम देवकली अहिरौली के बीच बाइक से जिला मुख्यालय जा रहे ग्राहक सेवा केन्द्र संचालक से तीन नकाबपोश बदमाशों ने रिवाल्वर के बल पर 1.93 लाख रुपए लूटकर फरार हो गये। जोगिया थानाक्षेत्र ग्राम पारा महादेवा निवासी संदीप चौरसिया पुत्र मोहन चौरसिया धंसा चौराहा पर ग्राहक सेवा केन्द्र चलाते हैं।वह बिजली उपभोक्ताओं का बकाया पैसा भी जमा करते हैं। सोमवार की रात लगभग 7.30 बजे अपने दुकान से 1.93 लाख रुपए लेकर बाइक से जिला मुख्यालय जा रहे थे अभी वह नहर वाले मार्ग पर देवकली अहिरौली के पास पहुंचे थे कि पहले से घात लगाए बैठे तीन नकाबपोश बदमाशों ने रिवाल्वर दिखाकर संदीप की बाइक रोक दी और 1.93 लाख रुपए नगद छिन लिया और एक ही बाइक पर तीनों नकाबपोश सवार होकर जिला मुख्यालय की तरफ भाग गये। पीड़ित संदीप ने बताया कि बदमाश पहले मेरे बाइक की चाबी नीचे गिरा दिए। पीड़ित ने पीआरबी 112 पर फोन करके घटना की सूचना दी।सीओ अरूणकांत सिंह व थाना प्रभारी दुर्गा प्रसाद ने घटनास्थल पर पहुंच लोगों से घटना के बारे में जानकारी ली और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगालने का निर्देश दिया।संदीप चौरसिया ने बताया कि सभी बदमाश नवयुवक थे और मुंह पर गमछा बांधे हुए थे इसलिए चेहरा दिखाई नहीं पड़ रहा था। पीड़ित संदीप चौरसिया ने थाना प्रभारी दुर्गा प्रसाद को लूट की घटना की लिखित तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है।

इस संबंध मे सीओ अरूण कान्त ने कहा कि लूट की घटना संदिग्ध लग रही है।बदमाशों को पकडने के लिए पुलिस की टीम को लगाया गया है।

## राशन बेचने के आरोप में कोटेदार पर केस दर्ज

**वेलकम इण्डिया**

**बांसी/सिद्धार्थनगर**। तहसील क्षेत्र बांसी के मिठवल ब्लॉक के ग्राम पंचायत धरमपुरवा (महुआ) में राशन वितरण में बड़ी धांधली का मामला सामने आया है। एसडीएम बांसी शशांक शेखर राय के निर्देश पर मिठवल ब्लॉक के धरमपुरवा ग्राम पंचायत के कोटेदार सफीउल्लाह के खिलाफ पथरा थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है।

राशन के मामले में ग्रामीणों ने कोटेदार पर गंभीर आरोप लगाए थे। सुभाष चौधरी, आत्मा चौधरी, ओमप्रकाश समेत कई ग्रामीणों ने शिकायत की थी कि कोटेदार ने जनवरी 2025 का राशन ई-पास मशीन पर अंगूठा लगवाने के बाद भी वितरण नहीं किया। इतना ही नहीं, फरवरी 2025 के लिए उठाया गया राशन भी बेच दिया।76.50 कुंटल खाद्यान्न वितरण का नहीं मिला हिसाब पूर्ति निरीक्षक मिठवल अर्चना सिंह की जांच में आरोप सही पाए गए। जांच में पता चला कि कोटेदार के गोदाम से 35.46 कुंटल गेहूं और 41.03 कुंटल चावल गायब है। कुल मिलाकर 76.50 कुंटल खाद्यान्न का कोई हिसाब नहीं मिला। जब जांच के दौरान कोटेदार के पुत्र से स्टॉक रजिस्टर और बिक्री रजिस्टर मांगे गए, तो वह पेश नहीं कर सका। पूर्ति निरीक्षक के जांच के बाद कोटेदार पर केस दर्ज थाना पथरा प्रभारी निरीक्षक भाग्यवती पांडेय ने बताया कि शिकायत के आधार पर आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## मोहिबुल्लाह खान मुस्लिम वेलफेयर एसोसिएशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बने

**संतकबीरनगर**। शिक्षक नेता मोहिबुल्लाह खान को मुस्लिम वेलफेयर एसोसिएशन का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाया गया है। यह मनोनयन राष्ट्रीय अध्यक्ष सलीम सारंग के द्वारा किया गया है। एसोसिएशन मुश्लिम समाज के सर्वांगीण विकास, न्याय, समानता और कल्याण के उद्देश्य पूरे देश में काम कर रहा है। मनोनयन के उपरांत राष्ट्रीय नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए मोहिबुल्लाह खान ने कहा कि पूरे उत्तर प्रदेश के 75 जनपदों में संगठन का विस्तार किया जायेगा। शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक व आर्थिक समानता के लिए समुदाय को साथ लेकर काम किया जायेगा। राष्ट्रीय नेतृत्व के भरोसे को बुलंदी पर कायम रहूंगा।

## संस्कार और यज्ञ से बनेंगी अनुकूल परिस्थितियां

**वेलकम इण्डिया**



**बिस्कोहर/सिद्धार्थनगर**। नगर के गोविंद नगर मधवापुर में चल रही संगीतमय प्रज्ञा पुराण कथा के पांचवे दिन सोमवार रात को कथा व्यास सरजू प्रसाद वानप्रस्थी ने कहा कि सतयुगीन परिस्थितियों के निर्माण के लिए समाज को यज्ञ और संस्कारों से जोड़ना होगा। कहा कि गायत्री मंत्र की साधना के जरिए बुद्धि का परिष्कार करें। उन्होंने कहा कि यज्ञ का तत्व दर्शन अपनाकर यज्ञीय सिद्धांतों से अपने जीवन को परिष्कृत करें। युग ऋषि श्रीराम शर्मा आचार्य ने संस्कारों को महत्व दिया। बताया कि संस्कार विहीन मानव समाज को जोड़ने का काम नहीं कर सकता। हमारी भारतीय संस्कृति जिन सोलह संस्कारों को मान्यता देती है। उनका पालन कर एक स्वस्थ मानसिकता का व्यक्ति बनता है। उसे अपने देश और समाज की चिंता होती है। संस्कारों की व्याख्या करते हुए कथा व्यास ने कहा कि गर्भधारण के साथ ही बच्चे के संस्कार शुरू हो जाते हैं। जब तक देश में संस्कारों का प्रचलन था तब तक देवी देवताओं का समय था। संस्कारों की कमी के कारण ही संबंधों की पहचान खत्म हो गई। पहचान खत्म होते ही समाज में पापाचार और अनाचार बढ़ गया और लोगों में निराशा बढ़ती ही गई।

मंगलवार सुबह यज्ञ शाला में गायत्री महायज्ञ संपन्न कराया गया। दोपहर बाद मंदिर प्रांगण में भगवान गणेश , मां दुर्गा व लक्ष्मी की प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा वैदिक मंत्रों के द्वारा किया गया। इस मौके पर बाबा तुलसीराम दास, अरुण श्रीवास्तव, राजू यादव, स्वामीनाथ प्रजापति, रामदेव जयसवाल,पूरन शर्मा, राहुल यादव, विक्की शर्मा, राजन यादव आदि बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# चांदमारी में न्यूरो स्पाइन एंड डेंटल क्लिनिक का उद्घाटन

**वेलकम इंडिया**



**वाराणसी**। चिकित्सा हब बन रहे शहर बनारस में एक और बेहद शानदार क्लिनिक और फिजियोथेरेपी सेंटर का उद्घाटन हुआ जिसका शुभारंभ मंगलवार को यूपी सरकार में आयुष राज्य मंत्री और लोकप्रिय भाजपा नेता डॉ दयाशंकर मिश्र दयालु द्वारा किया गया ।शहर के चांदमारी स्थित रिंग रोड से सौ मीटर अंदर ठीक मार्केट में चांदमारी पुलिस चौकी से विपरीत दिशा में खुला यह भव्य क्लिनिक और फिजियोथेरेपी सेंटर अब काशी के लोगो के लिए वरदान साबित होगी । क्लिनिक के डॉ विकास पांडेय ने मीडिया पत्रकार और विश्लेषक पंकज सीबी मिश्रा को बताया कि यह आधुनिक फिजियोथेरेपी सेंटर दिल्ली से मंगाई अत्याधुनिक मशीनों से लैश है तथा यहां चार बेड का हाई एडॉप्टर सिस्टमेटिक ट्रीटमेंट चौबीसों घंटे उपलब्ध रहेगा जिसमें मस्कुलर पेन, बोन पेन, ज्वाइंट एक्सरसाइज, इत्यादि के रोगियों के लिए एक बेहतर उपचार मुहैया होगा ।क्लिनिक में डेंटल सर्जन डॉ शांभवी पांडेय ने कहा कि यह मल्टीडिस्पीलनरी क्लिनिक बनारस सहित आस पास के जिलों के दंत रोगियों के लिए भी बेहतर उपचार उपलब्ध कराएगा । उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास कम खर्च में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देना है । अपने विजिट के दौरान आयुष राज्य मंत्री डॉ दयाशंकर मिश्र दयालु ने क्लिनिक का गहन निरीक्षण कर फिजियोथेरपी सुविधाओं और डेंटल क्लिनिक सुविधाओं का अवलोकन किया ।इस दौरान भाजपा जिला उपाध्यक्ष श्रीप्रकाश पांडेय, राम सजीवन पांडेय, अभिषेक पांडेय सहित वाराणसी के कई भाजपा नेता और स्थानीय लोग मौजूद रहे ।क्लिनिक के खुलने से आस- पास के लोगो ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि फिजियोथेरेपी सेंटर खुल जाने से यहां के लोगो को काफी राहत मिलेगी क्युकी वर्तमान समय में घुटने और जोड़ो का दर्द लोगो के लिए मुसीबत बना हुआ है ।

## पुलिस भर्ती रेस के 10वें राउंड में अभ्यर्थी के पैर के साथ सिपाही बनने की उम्मीद भी टूटी

**बरेली**। पीएसी ग्राउंड में सोमवार से शुरू हुई पुलिस भर्ती दौड़ परीक्षा के दूसरे दिन एक अभ्यर्थी गंभीर रूप से घायल हो गया। परीक्षा के दौरान दौड़ते समय उसका पैर टूट गया, जिसके बाद उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे अन्य निजी अस्पताल में रेफर कर दिया। घायल अभ्यर्थी की पहचान शक्ति सिंह पुत्र प्रेम प्रकाश, निवासी रघुनाथपुरा, थाना क्षेत्र बदायूं के रूप में हुई है। वह बरेली के पीएसी ग्राउंड में चल रही पुलिस भर्ती दौड़ परीक्षा में शामिल हुए थे। दौड़ के दौरान जब उन्होंने 10वें चक्कर की शुरूआत की, तो अचानक उनका बायां पैर टूट गया। इससे वह 12 चक्कर पूरे नहीं कर सके और भर्ती परीक्षा में सफल होने का मौका गंवा दिया। शक्ति सिंह ने बताया कि इससे पहले उन्होंने आर्मी की भर्ती परीक्षा भी दी थी, लेकिन इस बार उन्हें पूरी उम्मीद थी कि वे पुलिस भर्ती में सफल होंगे। हालांकि, पैर टूटने की वजह से उनका यह मौका भी हाथ से निकल गया। वहां मौजूद अधिकारियों ने तुरंत शक्ति सिंह को जिला अस्पताल पहुंचाया।

## नियमित अभ्यास करें, जिससे आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा और आप अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने में सक्षम होंगे : डॉ अनुज त्यागी

**वेलकम इंडिया**



**बिजनौर**। यूनिवर्सल एकेडमी बिजनौर के प्रधानाचार्य डॉ अनुज त्यागी ने बताया कि आगामी बोर्ड परीक्षाएं निकट हैं, छात्रों को अपनी तैयारी को अंतिम रूप देने के साथ-साथ, अपने आप में पूर्ण विश्वास करना चाहिए। हमारा अडिग विश्वास जीवन के कठिन से कठिन लक्ष्य प्राप्ति को सहज कर देता है।

यह समय अपनी प्रतिभा एवं कौशल का प्रदर्शन करने का है । अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए निडर और साहसी बनने का है। अपने आप में विश्वास रखें और अपनी क्षमताओं पर भरोसा करें। अच्छी नींद लें, जो शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए अत्यंत आवश्यक है। नियमित अभ्यास करें, जिससे आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा और आप अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने में सक्षम होंगे। परीक्षा को एक उत्सव की तरह मनाएं व उमंग एवं उल्लास से भर दें। स्ट्रेस को अपने पास भी भटकने ना दें, बल्कि उसे अपनी ताकत में बदलने का प्रयास करें। अपने समय को बुद्धिमत्ता से प्रबंधित करें।

परीक्षा केवल अंकों के बारे में नहीं है, बल्कि यह अपनी गलतियों से सीखने, अपने डर पर विजय पाने और एक बेहतर इंसान बनने में मदद करती है। यह समय अपने ज्ञान, कौशल और अनुभव को परखने का है, और अपने भविष्य को आकार देने का है। हमें विश्वास है कि आप अपने लक्ष्यों को प्राप्त करेंगे और अपने सपनों को सच बनाएंगे। इस समय आपको अपने माता-पिता, शिक्षकों और मित्रों का सहयोग और समर्थन मिलेगा, जो आपको अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद करेगा।

# मॉड्यूलर नेत्र शल्य वार्ड का उपमुख्यमंत्री ने किया उद्घाटन

वेलकम इंडिया



**लखनऊ।** बलरामपुर चिकित्सालय में आधुनिक सुविधाओं से युक्त मॉड्यूलर आई ऑपरेशन थियेटर एवं वार्ड का भव्य उद्घाटन माननीय उप मुख्यमंत्री, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री बृजेश पाठक तथा राज्य मंत्री (स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा, संसदीय कार्य एवं शिशु कल्याण) मयंकेश्वर शरण सिंह के द्वारा किया गया।

इस अवसर पर महानिदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य डॉ. रतन पाल सिंह सुमन, महानिदेशक परिवार कल्याण डॉ. सुषमा सिंह, महानिदेशक प्रशिक्षण डॉ. पवन कुमार अरुण, निदेशक बलरामपुर चिकित्सालय डॉ. सुशील प्रकाश, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एन. बी. सिंह एवं चिकित्सा अधीक्षक डॉ. हिमांशु चतुर्वेदी सहित अनेक गणमान्य अधिकारी एवं चिकित्सकगण, कर्मचारी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि सरकार प्रदेश में चिकित्सा सेवाओं को सुदृढ़ करने हेतु निरंतर प्रयासरत है। बलरामपुर चिकित्सालय में मॉड्यूलर आई ऑपरेशन थियेटर की स्थापना से नेत्र रोगियों को आधुनिक एवं उच्च स्तरीय उपचार सुविधाएं मिलेंगी। सरकार का उद्देश्य प्रदेश के प्रत्येक नागरिक को उत्तम चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना है, और इस दिशा में निरंतर सुधार किए जा रहे हैं।

राज्य मंत्री (स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा, संसदीय कार्य एवं शिशु कल्याण) मयंकेश्वर शरण सिंह ने बलरामपुर चिकित्सालय में नई सुविधाओं के शुभारंभ पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह अस्पताल पहले से ही मरीजों की सेवा में उत्कृष्ट कार्य कर रहा है, और नए ऑपरेशन थियेटर एवं वार्ड की सुविधा से नेत्र रोगियों को और अधिक लाभ मिलेगा। उन्होंने चिकित्सकों एवं चिकित्सा कर्मियों से मरीजों की सेवा को प्राथमिकता देने की अपील की।निदेशक एवं प्रमुख अधीक्षक बलरामपुर चिकित्सालय डॉ. सुशील प्रकाश ने कहा कि बलरामपुर चिकित्सालय को लगातार आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया जा रहा है, जिससे मरीजों को बेहतर उपचार मिल सके। मॉड्यूलर आई ऑपरेशन थियेटर और नए वार्ड की सुविधा से नेत्र रोगियों के इलाज में बड़ी मदद मिलेगी।

इस अवसर पर उपस्थित चिकित्सकों, चिकित्सा कर्मियों एवं गणमान्य अतिथियों ने भी अस्पताल के इस नए आयाम की सराहना की और प्रदेश के नागरिकों को उत्तम स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने की प्रतिबद्धता दोहराई।

## पुलिस ने धोखाधड़ी कर स्कूल के रुपये हडपने के मामले में वांछित 02 को किया गिरफ्तार

**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता के कुशल निर्देशनव अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह के मार्गदर्शन तथा क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद अजीत चौहान के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक को0 खलीलाबाद पंकज कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में उ0नि0 ललितकान्त यादव, का0 अरविन्द कुमार तिवारी व का0 सत्येन्द्र कुमार यादव ने अपराध व अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 11.02.2025 को मु0अ0सं0 656/2024 धारा 409 भा0द0वि0 में प्रकाश में आये वांछित अभियुक्तगण राकेश कुमार अग्रहरि पुत्र स्व0 अशर्फी लाल साकिन हनुमानगढी गीता प्रेस गोरखपुर थाना राजघाट जनपद गोरखपुर, संजय मिश्रा पुत्र स्व0 ब्रह्मानन्द मिश्रा साकिन डीघा बरदहिया थाना को0 खलीलाबाद को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। विदित हो की उक्त अभियुक्तगण द्वारा कूंडीलाल रुंगटा सरस्वती विद्या मन्दिर खलीलाबाद जनपद सन्तकबीरनगर में कार्यालय प्रमुख अम्बुज कुमार सिंह के साथ मिलकर अवैध तरीके से प्राप्त होने वाले शिक्षण शुल्क व अन्य प्राप्तियों को अपने खाते में ट्रांसफर कर लिया गया था।

# आस्था और श्रद्धा में सराबोर श्रद्धालुओं की सेवा-सौभाग्यः सरदार पतविंदर सिंह

वेलकम इंडिया







**प्रयागराज।** महाकुंभ में श्रद्धालुओं के अभूतपूर्व सैलाब से महाजाम में फंसे लोगों की मदद को क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा,काशी क्षेत्र भाजपा सरदार पतविंदर सिंह ने अपने सहयोगियों के साथ संभाली कमान। महाकुंभ में श्रद्धालुओं के अभूतपूर्व सैलाब से महाजाम में फंसे श्रद्धालुओं-तीर्थयात्रियों की हरसंभव मदद कर रहे है।आस्था और श्रद्धा में सराबोर श्रद्धालुओं के उफान की हर प्रकार से मदद कर जाम में फंसे लोगों को भोजन-पानी पहुंचाने मे सहयोग कर रहे हैं।ऐसे में लोगों के मोबाइल की बैटरी चार्ज करना, प्यास मिटाने के लिए पानी-गुड,चाये-बिस्किट की सेवा कर रहे है।सड़कों पर ट्रैफिक मैनेजमेंट,कुंभ यात्रियों को खाना और मेडिकल से जुड़ी चीजें उपलब्ध कर प्रशासन की सहायता कर रहे है।तीर्थयात्रियों और श्रद्धालुओं की मदद को उनके काफिले तक पेयजल और अल्पाहार पहुंचने मे लगे हैं।

सहयोग करने वालों में हरमनजी सिंह,दलजीत कौर,विष्णु शर्मा, सत्यम,ऋषिकेश,विकास,जुबैर, विनोद,अशोक,जयराम,आभूषण,विवेक,कौशल,सरदार पतविंदर सिंह सहित स्वयंसेवक रहे।

## मुफ्ती सईदुज्जफर की नई किताब का हुआ विमोचन



**टाण्डा जिला रामपुर।** मंगलवार को स्थानीय मदरसा जामिया अशरफिया रोजातुल उलूम में आयोजित एक सादे कार्यक्रम में मुफ़्ती सईदुज्जफर कासमी की नई किताब ₹पाकीजगी का एहतमाम कीजिए₹ का इजरा(विमोचन) अमल में आया।यह मौलाना की तकरीरों और मजमून का संग्रह है।जिसको मुफ़्ती साहब के शागिर्द यासिर अरफात ने तरतीब दिया है।विमोचन के दौरान नगर के प्रमुख उलमा मौजूद रहे,जिन्होंने किताब की सराहना की। मंगलवार को जामिया रोजातुल उलूम में मदरसे के उस्ताद और कई किताबों के लेखक मुफ़्ती सईदुज्जफर कासमी की नई किताब ₹पाकीजगी का एहतमाम कीजिए₹ का विमोचन अमल में आया।किताब में पाकीजगी के महत्व और उसे जीवन में अपनाने के तरीकों पर विस्तार से प्रकाश डाला गया है।इस मौके पर जामिया के मोहतमिम मौलाना सईदुर्रहमान, शेखुल हदीस मौलाना जमील अहमद, मौलाना अब्दुल सलाम, मौलाना मोहम्मद इरफान,मौलाना मुबीन अहमद,मौलाना लियाकत अली, डॉक्टर मोहम्मद आरिफ,मौलाना वसीउद्दीन,कारी जुल्फिकार अली और कारी असजद आदि मौजूद रहे।

## कई यूट्यूबरो पर लगाया प्रधानों ने छवि धूमिल करने का आरोप



वेलकम इंडिया

**कांधला।** खंड विकास क्षेत्र के आधा दर्जन से अधिक ग्राम प्रधानों ने कई अज्ञात यूट्यूबरो पर ग्राम प्रधानों ने धन कमाने के चक्कर में छवि धूमिल करने का आरोप लगाते हुए थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

राष्ट्रीय पंचायती राज ग्राम प्रधान संगठन के अध्यक्ष संदीप पवांर के नेतृत्व में मंगलवार को आधा दर्जन से भी अधिक ग्राम प्रधान थाने पहुंचे। प्रधान संगठन के अध्यक्ष संदीप पवांर का आरोप है कि कुछ व्यक्ति धन कमाने के चक्कर में फेसबुक, इंस्टाग्राम, व्हाट्सएप और यूट्यूब पर प्रसिद्ध पाने के चक्कर में ग्राम प्रधानों के प्रति अभद्र, अमर्यादित रील बनाते हैं। जिससे समाज में ग्राम प्रधान पद की गरिमा को ठेस पहुंची है। ग्राम प्रधान संगठन के अध्यक्ष ने ऐसे लोगों के खिलाफ ठोस कार्रवाई किए जाने की मांग करते हुए अपराध निरीक्षक संजय राणा को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। इस दौरान जसाला ग्राम प्रधान शिवकुमार चौहान, संदीप पवार, रविंद्र चौहान,तहेंद्र सिंह, रणवीर सिंह, राजपाल चौहान, उमर नवाज खान सहित आदि ग्राम प्रधान मौजूद रहे।

# जिला स्तरीय अंडरआर्म क्रिकेट प्रतियोगिता का किया शुभारंभ

वेलकम इंडिया



**निजामाबाद आजमगढ़।** स्थानीय तहसील व थाना अंतर्गत आने वाले भैरोपुर कला में हामिद रहमान क्लब द्वारा आयोजित पांचवे अंडरआर्म जिला स्तरीय ओपेन क्रिकेट प्रतियोगिता का आज पूर्व एमएलसी(आजमगढ़ मऊ छेत्र)राकेश यादव उर्फ गुड्डू के शुभ हाथों से फीता काटकर शुभारंभ किया गया।इस अवसर पर उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्ति के उपरांत खिलाड़ियों तथा भारी संख्या में उपस्थित दर्शकों से अपने छोटे से संबोधन में कहा कि खेल खेलने से शारीरिक छमता बनी रहती है तथा उसमें वृद्धि की प्रबल संभावना भी बनी रहती है।और आगे चलकर आजीविका का उत्तम कारण भी हो सकती है।उन्होंने आगे कहा कि छेत्र में खेल के विकास के लिए वो सदा तत्पर रहेंगे तथा आप लोगों की एक आवाज पर त्वरित हाजिर होंगे।उन्होंने प्रतियोगिता के आयोजकों सहित छेत्र के बुजुर्ग तथ सभी सम्मानित लोगों के खेल के प्रति रुचि और समर्थन की प्रशंसा भी की और उपस्थित सभी को धन्यवाद भी ज्ञापित किया।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दंपत्ति घायल

**कांधला।** थाना क्षेत्र के नेशनल हाईवे स्थित गांव खंद्रावली के निकट बाइक सवार दंपति को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। अज्ञात वाहन की टक्कर से दंपति गंभीर रूप से घायल हो गया।सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस ने घायल दंपति को कस्बे के राजकीय अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने दंपति की हालत को गंभीर देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया है। थाना क्षेत्र के गांव भारसी निवासी सत्तार अपनी पत्नी सकूरी के साथ बाइक पर सवार होकर किसी कार्य से शामली जा रहा था। जैसे ही बाइक सवार दंपति नेशनल हाईवे स्थित खंद्रावली पुलिस चौकी के निकट पहुंचे तो आरोप है कि शामली की ओर से आ रहे अज्ञात वाहन ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। अज्ञात वाहन की टक्कर से दंपति गंभीर रूप से घायल हो गया। अज्ञात वाहन चालक बाइक सवार दंपति को टक्कर मारने के बाद मौके से फरार हो गया।

## मारपीट में किसान दंपति सहित तीन घायल, मुकदमा दर्ज

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी दौलत में कार में सवार होकर पत्नी के साथ खेत पर गए किसान और उसकी पत्नी व एक अन्य महिला पर पड़ोसी किसान ने अपने परिवार के कई लोगों के साथ मिलकर लाठी डंडों से हमला कर दिया। हमले में किसान और उसकी पत्नी व एक अन्य महिला घायल हो गई। आरोप है कि आरोपियों ने पीड़ित की गाड़ी को भी तोड़फोड़ दिया। पीड़ित ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर अभियोग पंजीकृत कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के गांव जिडाना निवासी किसान इस्लाम पुत्र इकबाल ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि पीड़ित के खेत क्षेत्र के गांव गढ़ी दौलत की सीमा में स्थित है। आरोप है कि पड़ोसी किसान गय्यूर पीड़ित से रंजिश रखता है। सोमवार की शाम को किसान इस्लाम अपनी पत्नी शबनम व परिवार की ही महिला तसमीना के साथ अपनी कार में सवार होकर खेत पर गया था। आरोप है कि इसी बीच पड़ोसी किसान गय्यूर ने पीड़ित के परिवार के साथ गाली गलौज शुरू कर दी। पीड़ित ने विरोध किया तो आरोप है कि गय्यूर ने अपने परिवार के इश्तियाक, मेहरबान व महिला सन्नो के साथ मिलकर पीड़ित परिवार पर लाठी डंडों से हमला कर दिया। हमले में पीड़ित किसान उसकी पत्नी शबनम ओर एक अन्य महिला तसमीना घायल हो गई। पीड़ित किसान का आरोप है कि आरोपियों ने पीड़ित की कार को भी तोड़फोड़ दिया और जाते हुए जान से मारने की धमकी दे गए। पीड़ित किसान ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने पीड़ित किसान की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। थाना प्रभारी निरीक्षक क्षितिज कुमार सिंह का कहना है कि पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। शीघ्र ही आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जाएगा।

# अपहरण के बाद हत्या झांसी पुलिस ने चार आरोपियों को किया गिरफ्तार

वेलकम इंडिया



**झांसी रक्सा।** झांसी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, झाँसी के कुशल निर्देशन एवं सतत मार्गदर्शन में अपराध व अपराधियों के विरुद्ध झाँसी पुलिस द्वारा की जा रही प्रभावी कार्यवाही के क्रम में सवेर्लंस, स्वाट एवं थाना रक्सा पुलिस की संयुक्त कार्यवाही की गई जिसमें थाना रक्सा क्षेत्र से दिनांक-05/02/2025 को 40 वर्षीय व्यक्ति की अपहरण के बाद हत्या संबंधी प्रकरण मे डगरवाहा तिराहा से करीब 70 मीटर की दूरी पर राजापुर जाने वाली सड़क पर अभियुक्त छोटू यादव उर्फ भवानी व शेष अभियुक्तों को ढिकौली तिराहा थाना रक्सा जनपद झाँसी को गिरफ्तार किया गया है गिरफ्तार अभियुक्तों की निशादेही पर घटना में प्रयुक्त चार पहिया वाहन बरामद की गई है। थाना रक्सा पुलिस द्वारा अग्रेतर विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष परमेन्दर कुमार सिंह थाना रक्सा जनपद झाँसी, उ0नि0 जितेन्द्रर सिंह तख्खर मय स्वाट व सर्विलान्स टीम झाँसी,उ0नि0 शिवकुमार चौकी प्रभारी डोंगरी थाना रक्सा जनपद झाँसी, म0उ0नि0 दिव्या सिंह थाना रक्सा जिला झाँसी,का0 मुकेश जुरैल थाना रक्सा जनपद झाँसी,का0 श्याम प्रताप थाना रक्सा जनपद झाँसी,का0 विजय करन थाना रक्सा जनपद झाँसी,का0 विजय कुमार थाना रक्सा जनपद झाँसी,आरक्षी चालक राजेश कुमार सिंह थाना रक्सा जनपद झाँसी आदि उपस्थित रहे।

# गैंगस्टर के मुकदमे में वांछित आरोपी गिरफ्तार

वेलकम इंडिया




**टाण्डा जिला रामपुर।** कोतवाली पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में वांछित आरोपी को किया है।जिसे आवश्यक कार्रवाई के बाद न्यायालय में पेश किया गया,जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

प्रभारी निरीक्षक ओमकार सिंह ने बताया कि मंगलवार को उपनिरीक्षक

अफजाल अहमद के नेतृत्व में पुलिस की एक टीम गश्त पर थी।इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि गैंगस्टर के मुकदमे में वांछित आरोपी गुफरान पुत्र अहमद निवासी ग्राम खेड़ा झुरकझुण्डी, जालपुर रोड गंजो वाली तिराहे के पास खड़ा है।जल्दी की जाए तो पकड़ा जा सकता है।मुखबिर की बात पर विश्वास करके पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।जिसे थाने लाकर आवश्यक विधिक कार्रवाई पूर्ण करने के बाद न्यायालय के सम्मुख पेश किया गया,जहां से उसे जेल भेज दिया गया।प्रभारी ने बताया कि आरोपी गिरोह बनाकर वारदातों को अंजाम देता था। इसके खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमे पंजीकृत हैं। पिछले दिनों इसके खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था।जिसके बाद से यह फरार चल रहा था।पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र द्वारा चलाये जा रहे वाछिंत आरोपियों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक अतुल कुमार श्रीवास्तव के निकट पर्यवेक्षण में तथा क्षेत्राधिकारी टांडा कीर्ति निधि आनन्द के निर्देशन में थाना पुलिस द्वारा मंगलवार को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया।

# महाकुंभ में परिवार के साथ स्नान करने से जीवन हुआ धन्य : चंचल कटारिया

वेलकम इंडिया



**नूरपुर।** प्रयागराज महाकुंभ में संगम के तट पर डुबकी लगाने से जहां जीवन साकार हो गया तो वहीं दूसरी ओर साधु संतों के अमृतमयी वचन सुनकर धर्म आस्था के वास्तविक सर को समझने से जीवन अभिभूत हो गया।

यह कहना है प्रयागराज के त्रिवेणी तट पर अपने परिवार के साथ संगम में डुबकी लगाने वाले शिक्षक चंचल कटारिया का। उन्होंने महाकुंभ के आयोजन को ऐतिहासिक व जीवन को साकार करने वाला बताया।

नूरपुर ब्लॉक क्षेत्र के गांव हीमपुर पृथया निवासी शिक्षक चंचल कटारिया अपने परिवार के साथ चार दिन पूर्व संगम में स्नान करने गए थे। उन्होंने बताया कि महाकुंभ में वह अपनी पत्नी रीता गुर्जर सहित परिवार के अन्य सदस्यों के साथ स्नान कर उन्हें अपार आनंद की अनुभूति का अनुभव हुआ। जिसे लेकर वह काफी उत्साहित हैं। उनके अनुसार महाकुंभ त्रिवेणी में स्नान की स्मृतियों व सरकार की चुस्त व दुरुस्त व्यवस्था को सदा याद रखेंगे। महाकुंभ में सरकार द्वारा की गई व्यवस्था को लेकर वह कहते हैं कि महाकुंभ में पहुंचने वाले श्रद्धालुओं के लिए की गई व्यवस्था सुव्यवस्थित व अलौकिक है। महाकुंभ में श्रद्धालुओं के भोजन के लिए निशुल्क भंडारे का आयोजन किया गया था। स्थान- स्थान पर सुरक्षा संबंधी व्यवस्था पर संतोष प्रकट किया। उन्होंने बताया कि अधिक संख्या में श्रद्धालुओं के संगम तट पर पहुंचने से पैदल चलना पड़ता है। मगर किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो सरकार ने आमजन की सहायता के लिए स्थान- स्थान पर अपने कैंप स्थापित कर रखे हैं जिसके कारण श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की समस्या नहीं होती। श्रद्धालुओं के उत्साह के सामने सारी समस्या दूर हो जाती हैं। श्रद्धालु भोलेनाथ व गंगा मैया की जय जयकार के साथ आगे बढ़ते हुए अपने गंतव्य पर सुगमता से पहुंच जाते हैं।

# पर्यावरण को हरा-भरा बनाने के लिए किया गया पौधारोपण



वेलकम इंडिया

**कांधला।** क्षेत्र के कांधला कॉलेज कांधला की ह्यराष्ट्रीय सेवा योजनाह्ल इकाई के सात दिवसीय विशेष कैम्प के दौरान स्वयंसेवकों द्वारा पर्यावरण को बचाने के लिए तथा समाज को जागरूक करने के उद्देश्य से जनसंपर्क किया गया। इस अवसर पर स्वयंसेवकों की टोली ने समाज के बीच जाकर पर्यावरण पर चर्चा-परिचर्चा की। स्वयंसेवकों द्वारा गाँव भ्रमण के दौरान समाज को समझाया गया कि पर्यावरण क्या है? और इसके प्रति हमें सतर्क रहने की क्यों आवश्यकता है? पर्यावरण वह है जो हमे चारों ओर से घेरे हुए है। इसके अन्दर सभी भौतिक, रासायनिक एवं जैविक कारकों के समान आवश्यक घटकों की इकाई है, जो हमें जीवित रहने, विकास करने के लिए सहयोग प्रदान करती है।

# आर आर पब्लिक स्कूल में तंबाकू को लेकर चलाया जागरूकता अभियान : टीकम सिंह

वेलकम इंडिया



**नूरपुर।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा ₹तंबाकू मुक्त शिक्षण संस्थान अभियान₹ के अन्तर्गत स्कूली बच्चों के लिए जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमें स्कूली बच्चों को तंबाकू उत्पादकों व उसके सेवन से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में जागरूक किया गया।

स्योहारा रोड़ स्थित आर आर पब्लिक स्कूल में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा तंबाकू के सेवन से होने वाले दुष्परिणामों के विषय में स्कूल के छात्र-छात्राओं को जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नूरपुर से आए डॉ आशीष चौहान ने विद्यार्थियों को तंबाकू से होने वाले विभिन्न गंभीर दुष्परिणाम की जानकारी दी। जागरूकता अभियान में काफी संख्या में विद्यार्थियों ने भाग लिया। उन्होंने तंबाकू के विषय में जागरूक करते हुए कहा कि हमें तंबाकू का सेवन कदापि नहीं करना चाहिए। क्योंकि यह स्वास्थ्य के लिए बेहद खतरनाक साबित होता है। लोगों के घर के घर तबाह और बर्बाद हो जाते हैं। यह मानव के स्वास्थ्य पर गहरा प्रभाव छोड़ता है। इस दौरान स्कूल की दिया त्यागी, मनु यादव, आयुष यादव, सहित अनेक छात्र-छात्राओं ने बारी-बारी से कई प्रश्न पूछे जिसका तत्काल समाधान भी बताया गया। कार्यक्रम के अंत में स्कूल के उप प्रधानाचार्य टीकम सिंह ने सभी बच्चों को जीवन भर तंबाकू उत्पादों का सेवन नहीं करने के शपथ दिलाई। जागरूकता कार्यक्रम के दौरान डॉ योगेश कुमार, डॉ अंजना, मीनू कुमारी, चंचल कटारिया, संजीव डबास, जीवन सिंह, विरेन्द्र चौहान, अनुराग शर्मा, नीरज त्यागी, मुकुल शर्मा आदि मौजूद रहे।

# माघ पूर्णिमा पर रेलयात्रियों और श्रद्धालुओं की सेवा में मण्डल के व्यापक प्रबंध

वेलकम इंडिया



**लखनऊ।** महाकुंभ के अंतर्गत माघ पूर्णिमा के पर्व पर भारी संख्या में रेलयात्रियों और श्रद्धालुओं के स्टेशन पर आने जाने की प्रबल संभावनाओं को देखते हुए इस दिशा में उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल अपनी सभी तैयारियों को पूरा करके यात्री सेवा में समर्पित है। मण्डल रेल प्रबंधक, एस.एम. शर्मा के कुशल मार्गदर्शन में आज दिनांक 11 फरवरी 2025 को यात्री सुविधा और भीड़ प्रबंधन की सभी व्यवस्थाओं और नीतियों की समीक्षा हुए स्टेशनों की पूरी व्यवस्था को सुदृढ़ और चाक-चौबंद किया गया।

प्रयाग जं. स्टेशन पर स्थित एकीकृत कमांड सेंटर में मण्डल रेल प्रबंधक स्वयं सभी प्रबंधनों की निगरानी कर रहे थे और मण्डल के अन्य अधिकारियों के साथ लगातार बैठक करते हुए अपने आवश्यक सुझाव तथा निर्देश पारित करते रहे क एक सुनियोजित एवं क्रमबद्ध योजना को अमल में लाते हुए भीड़ एवं यात्री प्रबंधन के संबंध में यात्रियों के मुख्य सड़क मार्ग से स्टेशन में प्रवेश और निकास की सुगमता, उनकी गाड़ी के प्रस्थान से पूर्व उनका दिशागत यात्री आश्रयों में ठहराव, ठहराव के दौरान उनकी मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति, उनके लिए खानपान और सुरक्षा की उचित व्यवस्था, किसी यात्री के बीमार होने पर चिकित्सा की सुविधा, गाड़ियों पर उनको सकुशल चढ़ाने और रवाना करने, टिकटिंग की सुविधा सहित सभी जरूरी आवश्यकताओं पर ध्यान देते हुए पूरी संचालन व्यवस्था को निरंतर सुदृढ़ और सुगठित किया गयाक प्रत्येक वस्तुस्थिति पर नजर रखते हुए जरूरत पड़ने पर तत्काल कार्यवाही करने के उपायों पर भी ध्यान दिया गयाक इसके अतिरिक्त आपातकालीन एवं आकस्मिक प्रबंधन की उपलब्धता एवं इनकी कार्यकुशलता और राज्य सरकार के साथ तालमेल मिलाते हुए काम करने की योजना भी बनाई गई है।

कमांड सेंटर में लगी छएऊ स्क्रीनों तथा प्लेटफॉर्म और परिसर में लगाए गए उउळश कैमरों द्वारा स्टेशन के प्रत्येक भाग की गहन निगरानी की जा रही है और सुगम यात्री संचालन, यात्री सुरक्षा, संरक्षित और समयबद्ध रेल परिचालन तथा भीड़ प्रबंधन के सभी नियमों का पूरी तरह से पालन किया जा रहा है। स्टेशनों पर यात्री सुविधा संबंधी स्थान एवं स्थल जैसेः- यात्री आश्रय, सहयोग काउन्टर, खोया-पाया काउन्टर, वळर, ढफर,ट-वळर, अळश्ट काउन्टर, रिफ्रेशमेंट रूम, कैटरिंग स्टॉल, मल्टीपर्पज स्टॉल, फ्रूट स्टॉल, फूड वैन, एक स्टेशन एक उत्पाद के स्टॉल, डिजिटल लॉकर और क्लाक रूम, मोबाइल चार्जिंग कियॉस्क, मेडिकल शॉप, अळट, अउ वेटिंग रूम, बेबी फीडिंग रूम, महिला, पुरुष एवं दिव्यांगजनों हेतु शौचालय, व्हील चेयर एवं स्ट्रेचर, बहुभाषी घोषणा की व्यवस्था, यात्री सुविधा केंद्र एवं त्रिवेणी कियॉस्क सभी सुविधाएं अपना कार्य कर रही हैं।

मण्डल रेल प्रबंधक निरंतर सभी व्यवस्थाओं की ताजा स्थितियों की जानकारी ले रहे हैं और सभी विभागों के कर्मचारियों से मिलकर उनके साथ संवाद करके सभी को सर्वोत्तम सेवाएं प्रदान करने के लिए लगातार प्रेरित कर रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने यात्रियों से भी संवाद किया तथा उनकी रेलवे से अपेक्षाओं के प्रति जानकारी प्राप्त की।

# स्वास्थ्य उपकेंद्र बत्सी बत्सा का सीएमओ रामानुज कनौजिया ने उद्घाटन किया

वेलकम इंडिया



**संतकबीरनगर।** मंगलवार को सेमरियावां ब्लाक क्षेत्र स्थित स्वास्थ्य उपकेंद्र बत्सी बत्सा( डिलेवरी प्वाइंट) का सी एम ओ डॉक्टर रामानुज कनौजिया ने फीता काटकर उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र वासियों से अपील करते हुए कहा कि इलाज हेतु डिलेवरी के लिए दूर नही जाना होगा अब मरीजो का इलाज हेतु डिलेवरी पॉइन्ट स्वास्थ्य उपकेंद्र बत्सी बत्सा में शुरू हो गया हैं ।इस दौरान अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सेमरियावां ने सभी आशाओं तथा ए एन एम को आदेशित किया हैं कि अपने गाँव की सभी गर्भवती महिलाओं की डिलेवरी अपने स्वास्थ्य उपकेंद्र बत्सी बत्सा में कराए। किसी भी असुविधा हेतु आवश्यकता पड़ने पर तत्काल अवगत कराएं,पूरा सहयोग किया जायेगा।

इस दौरान प्रधान प्रतिनिधि योगेंद्र जयसवाल ने सभी आये हुए अधिकारियों का धन्यवाद ज्ञापित किया इस दौरान उन्होंने अपने ग्राम पंचायत वासियों से अपील करते हुए कहा कि इलाज हेतु डिलेवरी के लिए स्वास्थ्य उपकेंद्र पर लाए,डिलेवरी की सुविधा पूरी हो चुकी हैं, अब इधर उधर इलाज हेतु डिलेवरी कराने के लिए इधर उधर भटकने की जरूरत नही हैं। इस दौरान सी एम ओ डॉक्टर रामानुज कनौजिया,ए सी एम ओ आर सी एच डाक्टर महेंद्र प्रसाद,डी आई ओ डॉक्टर बी के सोनी ,डॉक्टर मुबारक अली महामारी रोग विशेषज्ञ,संगीता मातृत्व कंसल्टेंट, डॉक्टर सुरेश चन्द्रा अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेमरियावां, मोहम्मद कौसर खान ब्लाक टीकाकरण अधिकारी,बसीर खान, योगेंद्र कुमार जयसवाल ग्राम प्रधान बत्सी बत्सा,राधिका देवी,शिव कुमार, सज्जाद अली,अफसर अली, घिसियावन, संतराम मौर्या, अनीता, सुभावती, पूनम,आदि अधिकारी, कर्मचारी तथा ग्रामीण मौजूद रहे।

# लखनऊ स्वच्छता अभियान के कंट्रोल कमांड सेंटर का निरीक्षण



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश राजधानी लखनऊ के नवगत जिलाधिकारी विशाक एवं नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह ने लखनऊ स्वच्छता अभियान के लालबाग स्थित कंट्रोल कमांड सेंटर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने घर-घर कचरा संग्रहण की गाड़ियों की लाइव मॉनिटरिंग, ऑनलाइन अटेंडेंस सिस्टम, कंट्रोल कमांड सेंटर में प्राप्त शिकायतों और उनके निस्तारण की प्रक्रिया के बारे में जानकारी ली। स्वच्छता अभियान के परियोजना प्रमुख अनुपम मिश्रा ने जिलाधिकारी को प्रत्येक कार्यप्रणाली के बारे में विस्तार से जानकारी दी। जिलाधिकारी ने इस पूरी ऑनलाइन मॉनिटरिंग व्यवस्था से संतुष्टि व्यक्त करते हुए कुछ महत्वपूर्ण दिशानिर्देश भी जारी किए। जिलाधिकारी ने इस प्रणाली के कार्यान्वयन को सकारात्मक बताते हुए लखनऊ नगर निगम को और अधिक सुधारात्मक कदम उठाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि इस मॉनिटरिंग प्रणाली से न केवल स्वच्छता अभियान की गति में सुधार होगा, बल्कि शहरवासियों की शिकायतों का शीघ्र समाधान भी सुनिश्चित होगा। उक्त अवसर पर अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव जी के साथ लखनऊ नगर निगम एवं लखनऊ स्वच्छता अभियान के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# 11 वाहनों की 63 हजार रुपये में हुई राजस्व वसूली



**हसायन।** अवगत कराना है कि पुलिस महानिदेशक लखनऊ उ0प्र0 द्वारा चलाये जा रहे अभियान ₹आपरेशन क्लीनर₹ के क्रम में पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा द्वारा जनपद के समस्त थाना प्रभारियों को अपने-अपने थानो पर माल मुकदमाती में दाखिल-सीज वाहनों का यथाशीघ्र नियमानुसार निस्तारण कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया था। जिसके क्रम में थाना हसायन पर माल मुकदमाती में दाखिल हुये कुल 11 वाहनों का मूल्यांकन सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी हाथरस द्वारा कराया गया था, इसके उपरान्त उप जिलाधिकारी सिकन्द्राराऊ जनपद हाथरस व क्षेत्राधिकारी सिकन्द्राराऊ अध्यक्षता में गठित टीम के क्रम में कुल 11 वाहनों की नीलामी की प्रक्रिया कराई गई । जिसमें जनपद हाथरस व गैरजनपदों के कुल 24 ठेकेदारों द्वारा प्रतिभाग किया गया। नीलामी प्रक्रिया के दौरान ठेकेदार सचिन त्रिवेदी पुत्र शेखर त्रिवेदी निवासी अमामदापुर जनपद अलीगढ द्वारा अधिकतम बोली 63 हजार रुपए लगाये जाने पर नीलामी प्रक्रिया उनके हक में पूर्ण की गई। राजस्व की धनराशि को नियमानुसार कोषागार हाथरस में जमा कराया जायेगा ।

# थाने पर हुई पीस कमेटी की बैठक में महाशिवरात्रि, होली और शब-ए-बारात शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील

वेलकम इंडिया



**सहपऊ।** पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा के निर्देशन में आगामी त्यौहार महाशिवरात्रि, शब-ए-बारात व होली के दृष्टिगत उपजिलाधिकारी सादाबाद संजय कुमार व क्षेत्राधिकारी सादाबाद हिमांशु माथुर द्वारा थाना सहपऊ पर ग्राम प्रधानों, गणमान्य/संभ्रांत व्यक्तियों एवं व्यापारियों के साथ पीस कमेटी की मीटिंग का आयोजन किया गया । मीटिंग के दौरान उपस्थित लोगों से वार्ता कर उनकी समस्याओं को सुना गया तथा आगामी त्यौहार महाशिवरात्रि व होली ,शब-ए-बारात को सकुशल,शान्ति पूर्वक मनाने एवं त्यौहार के दौरान शान्ति व्यवस्था बनाये रखने में पुलिस,प्रशासन का सहयोग करने की अपील की गई । मीटिंग के दौरान उपस्थित ग्राम प्रधानों, गणमान्य'संभ्रांत व्यक्तियों व धर्मगुरूओं से वार्ता कर त्यौहारों के दौरान आने वाली समस्याओं के बारे में विस्तार से जानकारी कर सभी से फीडबैक लिया गया तथा आगामी त्यौहारों को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की अपील की गई । मीटिंग में उपस्थित सभी गणमान्य,संभ्रांत व्यक्तियों व धर्मगुरुओ से वार्ता कर अनुरोध किया गया कि आगामी त्यौहार महाशिवरात्रि में मंदिरों पर कम से कम भीड़ इकट्ठा होने दे ।

बैठक में उपस्थित सभी गणमान्य/संभ्रांत व्यक्तियों व धर्मगुरुओ द्वारा आपसी भाईचारा व सौहार्दपूर्ण तरीके से त्यौहारों को मनाने का आश्वासन दिया गया तथा मीटिंग में उपस्थित लोगों को बताया गया कि क्षेत्र में होने वाली छोटी से छोटी घटनाओं की सूचना समय से पुलिस को दें, जिससे कोई बड़ा विवाद उत्पन्न न हो सके । मीटिंग में उपस्थित लोगों को बताया गया कि कोई भी जुलूस बिना अनुमति के ना निकाले जाये, होली रखने वाले स्थान निर्विवाद हो जहाँ पूर्व मे होली रखी जाती थी वही पर रखी जाए । साथ ही बताया गया कि होली व शब-ए-बारात त्यौहार के दौरान जूलूस आदि की सूचना प्रशासन एवं पुलिस को अवश्य दें, जिससे समुचित पुलिस प्रबन्ध किया जा सके और शांतिपूर्ण त्यौहार सम्पन्न कराये जा सके । तथा क्षेत्र में किसी भी प्रकार की कोई संदिग्ध गतिविधि होने पर तत्काल पुलिस को सूचना दें । साथ ही बताया गया कि त्यौहारों के दौरान अवैध शराब का सेवन बिल्कुल ना करें यह स्वास्थ्य के लिये हानिकारक हो सकती है ।

# दो पक्षों में मारपीट दंपत्ति घायल, थाने पर शिकायत

वेलकम इंडिया



**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव जसाला में नाली की साफ सफाई को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। मारपीट में पति-पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए। पीड़ित दंपति ने अपना डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

थाना क्षेत्र के गांव जसाला निवासी सहेंद्र ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि पड़ोस का ही अजय और विनय नाली की साफ सफाई नहीं करते हैं, जिसके चलते नाली में कूड़ा करकट भरा रहता है। पीड़ित ने पड़ोस के ही विनय को नाली की साफ सफाई करने के लिए कहा तो दोनों पक्षों के बीच कहासुनी हो गई। शोर शराबा होने पर दोनों पक्षों के लोग मौके पर जमा हो गए। आरोप है कि विनय पक्ष के लोगों ने सहेंद्र और उसकी पत्नी भूरिया पर लाठी डंडों से हमला कर दिया। हमले में पति-पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए। पीड़ित दंपति ने अपना डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद थाने पर नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने जांच कर कार्रवाई शुरू कर दी है ।थाना प्रभारी निरीक्षक क्षितिज कुमार सिंह का कहना है की पीड़ित दंपति की तहरीर मिली है। शीघ्र ही आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जाएगा।

# 45 वाहनों के लिए 44 ठेकेदार हुए शामिल, 5.24,500 लाख में छूटी बोली



वेलकम इंडिया

**हाथरस।** अवगत कराना है कि पुलिस महानिदेशक लखनऊ उ0प्र0 द्वारा चलाये जा रहे अभियान ₹आपरेशन क्लीनर₹ के क्रम में पुलिस अधीक्षक हाथरस चिरंजीव नाथ सिन्हा द्वारा जनपद के समस्त थाना प्रभारियों को अपने-अपने थानो पर लावारिस व एमवी एक्ट में दाखिल-सीज वाहनों का यथाशीघ्र नियमानुसार निस्तारण कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया था। जिसके क्रम में थाना हाथरस जक्शन पर माल मुकदमाती एमवी एक्ट में दाखिल हुये कुल 45 वाहनों का मूल्यांकन सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी हाथरस द्वारा कराया गया था, इसके उपरान्त उप जिलाधिकारी जनपद हाथरस व क्षेत्राधिकारी सिकन्द्राराऊ की अध्यक्षता में गठित टीम के क्रम में कुल 45 वाहनों की नीलामी की प्रक्रिया कराई गई । जिसमें जनपद हाथरस व गैरजनपदों के कुल 44 ठेकेदारों द्वारा प्रतिभाग किया गया। नीलामी प्रक्रिया के दौरान ठेकेदार र.अ ट्रैडर्स प्रो0 रागिब कुरैशी पुत्र बुन्दू कुरैशी निवासी पुराना रसूलपुर थाना रसूलपुर जनपद फिरोजाबाद द्वारा अधिकतम बोली 5,24,500 रुपए लगाये जाने पर नीलामी प्रक्रिया उनके हक में पूर्ण की गई। नीलामी प्रक्रिया से प्राप्त पाँच लाख चौबीस हजार पाँच सौ रुपए के राजस्व की धनराशि को नियमानुसार कोषागार हाथरस में जमा कराया जायेगा ।

# 100 दिवसीय टीबी खोजी अभियान के अंतर्गत कुराना टोल प्लाजा पर लगाया

वेलकम इंडिया



**हापुड़।** जनपद के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ सुनील कुमार त्यागी के कुशल निर्देशन में एवं जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ राजेश सिंह के नेतृत्व में जनपद में 100 दिवसीय टी0 वी0 खोजी अभियान के अंतर्गत आज कुराना बुलंदशहर रोड पर टोल प्लाजा पर सभी अधिकारियों एवं कर्मचारी की स्क्रीनिंग की गई एवं जिन लोगों को क्षय रोग के लक्षण दिखाई दिए उनको बलगम जांच के लिए बलगम कंटेनर दिए गए साथ ही सभी कर्मचारियों को क्षय रोग के 10 लक्षण उपचार एवं निदान के विषय में विस्तार से जानकारी दी गई जिला पी0 पी0 एम0 समन्वयक सुशील चौधरी द्वारा सभी को बताया गया कि यदि किसी को खांसी आती है बलगम आता है तो वह इधर-उधर ना थूके खांसते समय मुंह पर रुमाल या तोलिया का इस्तेमाल करें यदि बलगम आए तो ब्लीचिंग पाउडर या राख में बलगम को थूके और उसको मिट्टी में गड्ढा खोदकर दबाए इसके साथ-साथ यदि किसी व्यक्ति को 10 लक्षणों में से कोई भी एक लक्षण दिखाई दे तो अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र जाकर जांच अवश्य कराएं यदि कोई व्यक्ति की उम्र 60 वर्ष से अधिक है मधुमेह से पीड़ित है।

# विद्यांजलि पोर्टल के माध्यम से परिषदीय स्कूलों में होंगे पुरातन छात्र सम्मेलन

वेलकम इंडिया/चरन सिंह

**बरेली।** निजी स्कूलों की तर्ज पर परिषदीय विद्यालयों में भी अब पुरातन छात्र सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे। निजी स्कूलों की तर्ज पर सत्र के अंत में अनिवार्य रूप से इसका आयोजन होगा। ऐसे पूर्व छात्र जो विभिन्न क्षेत्रों में अच्छे पदों पर काम कर रहे हैं, उन्हें आमंत्रित किया जाएगा। पूर्व छात्रों की मदद से विद्यालयों की सूरत चमकाने का कार्य किया जाएगा। वहीं विद्यांजलि पोर्टल पर सभी स्कूलों का पंजीकरण कराया जा रहा है। ग्रामीण व नगरीय क्षेत्रों में विद्यालय प्रबंध समिति विद्यालय के आसपास के प्रतिष्ठित लोगों की मदद से पूर्व छात्रों की सूची तैयार करेगी।

# ओम स्टर्लिंग ग्लोबल यूनिवर्सिटी में 38 वें एआईयू नॉर्थ-वेस्ट जोन यूथ फेस्टिवल 2025 के चौथे दिन का शानदार आयोजन




**हरियाणा/हिसार।** ओम स्टर्लिंग ग्लोबल यूनिवर्सिटी (डरऋव) में आयोजित 38वें एआईयू नॉर्थ-वेस्ट जोन यूथ फेस्टिवल 2025 के चौथे दिन में लघु नाटक, मिमिक्री, लोक/जनजातीय नृत्य, भारतीय लाइट वोकल, क्विज, रंगोली, ऑन द स्पॉट फोटोग्राफी और मेहंदी प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ, जिसमें 23 विश्वविद्यालयों के प्रतिभागियों ने अपने शानदार प्रदर्शन से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस दिन का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्री अशोक कुमार ( मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हिसार) द्वारा किया गया ।उन्होंने कहा की इस तरह के युवा महोत्सव के जरिए देश के युवाओ को भारतीय संस्कृति से रूबरू करवाता है। ₹युवा महोत्सव का उद्देश्य एक साझा मंच पर अपनी सांस्कृतिक प्रतिभा का प्रदर्शन करके युवाओं में राष्ट्रीय एकता, सांप्रदायिक सद्भाव, भाईचारे, साहस और सदभावना का प्रचार करना है।₹इस भव्य आयोजन में विशिष्ट अतिथि प्रो. आनंद मलिक ( डीन ऑफ कॉलेज सी आर एस यू जींद) और डॉ सुखबीर सिंह (सहायक प्रोफेसर, शारीरिक शिक्षा, एम्स कॉलेज, रोहतक) भी उपस्थित रहे, उन्होंने कहा कि विधार्थियो को भारतीय संस्कृति के प्रति अपना अहम रोल अदा करना चाहिए जिससे भारतीय संस्कृति पूरे विश्व में जानी जा सके ।इसके अतिरिक्त कथक के प्रसिद्ध कलाकार श्री तपस जी ने अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया ।इस अवसर पर ओएसजीयू के कुलाधिपति डॉ. पुनीत गोयल ने कहा, ₹यह महोत्सव छात्रों को कला और संस्कृति के माध्यम से अपने विचारों को व्यक्त करने का एक अनूठा मंच प्रदान करता है।₹ प्रो-चांसलर डॉ. पुनम गोयल ने कहा, ₹ऐसे आयोजन छात्रों की प्रतिभा को निखारने और आत्मविश्वास विकसित करने में सहायक होते हैं।

मुख्य मंच पर स्किट प्रतियोगिता में भागत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय, सी.आर.एस. विश्वविद्यालय, च. बंसीलाल विश्वविद्यालय, जी.जे.यू. हिसार, सी.डी.एल.यू. सिरसा, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय और बनस्थली विश्वविद्यालय की प्रस्तुतियों ने सामाजिक और हास्यपूर्ण विषयों से दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया।

मुख्य मंच पर मिमिक्री प्रतियोगिता में दिल्ली विश्वविद्यालय, महर्षि मारकंडेश्वर विश्वविद्यालय और एम.डी.यू. रोहतक के प्रतिभागियों ने अपनी आवाज और अभिनय कौशल से मनोरंजन किया। मुख्य मंच पर लोक और जनजातीय नृत्य प्रतियोगिता में ओम स्टर्लिंग ग्लोबल यूनिवर्सिटी, चौ .बंसीलाल विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, एम.डी.एस.यू. अजमेर व अन्य विश्वविद्यालय की प्रस्तुतियाँ रंगारंग और ऊर्जावान रहीं।

मेन ऑडिटोरियम मंच पर भारतीय लाइट वोकल प्रतियोगिता में अपेजे सत्य विश्वविद्यालय, विवेकानंद ग्लोबल यूनिवर्सिटी और जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय के गायकों ने अपनी सुरीली आवाज से समां बाँध दिया। क्विज प्रतियोगिता में जी.जे.यू. हिसार, सी.डी.एल.यू. सिरसा और बनस्थली विश्वविद्यालय की टीमों ने अपनी तर्क शक्ति से निर्णायकों को प्रभावित किया।₹

कुलपति डॉ. एन.पी. कौशिक ने कहा, ₹संस्कृति और कला हमारी विरासत का अभिन्न अंग हैं, और यह महोत्सव हमारी विविधता को मंच प्रदान करता है। प्रतिकुलपति डॉ राजेंद्र सिंह छिल्लर ने कहा, ₹हर प्रतिभागी अपनी कला और कौशल को उत्कृष्टता की ओर ले जा रहा है, जो प्रेरणादायक है।₹ इस भव्य महोत्सव का आनंद लेने के लिए विभिन्न स्थानों के शिक्षा संस्थान जैसे टेरी कुरुक्षेत्र, एडवांस इंस्टिट्यूट ऐड टेक्नोलाजी एंड मैनेजमेंट पलवल और दिल्ली कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट फरीदाबाद के शिक्षागण व

विधार्थी शामिल हुए ।आयोजन सचिव डॉ. राकेश धीमान ने कहा, ₹इस महोत्सव में छात्रों का उत्साह और समर्पण देखकर यह स्पष्ट है कि भविष्य के लिए यह एक ऐतिहासिक आयोजन रहेगा।₹ अब महोत्सव अपने अंतिम चरण में प्रवेश कर चुका है, और 12 फरवरी 2025 को समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया जाएगा, जिसमें प्रतिभाशाली विजेताओं को सम्मानित किया जाएगा।

# शिक्षा के क्षेत्र में माधव सरस्वती विद्या मंदिर सुभानपुर ने जनपद बागपत में बनाई विशेष पहचान

वेलकम इंडिया

**बागपत, उत्तर प्रदेश।** विवेक जैन। जनपद बागपत के शीर्ष स्कूलों में शुमार माधव सरस्वती विद्या मंदिर सुभानपुर में शुभाशीष समारोह बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। समारोह में नेशनल अवार्डी एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सम्मानित वरिष्ठ पत्रकार विपुल जैन ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। स्कूल प्रबन्ध समिति की ओर से विपुल जैन का पटका पहनाकर अभिनंदन किया गया। विपुल जैन ने मां सरस्वती जी के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर विपुल जैन ने कहा कि सीबीएसई द्वारा मान्यता प्राप्त माधव सरस्वती विद्या मंदिर सुभानपुर जनपद बागपत के शीर्ष स्कूलों में शुमार है। इस स्कूल ने इंग्लिश शिक्षा, विद्यार्थियों के अच्छे चरित्र निर्माण और भारतीय संस्कृति के प्रचार-प्रसार में महत्त्वपूर्ण भूमिका अदा की है। विपुल जैन ने कक्षा 10 के विद्यार्थियों को शिक्षा का महत्व बताते हुए आगामी बोर्ड की परीक्षा में





बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए अपना, अपने परिवार का और स्कूल का नाम रोशन करने की बात कही और अपना शुभाशीष प्रदान किया। इस अवसर पर स्कूल के प्रधानाचार्य रवीश कुमार ने विद्यार्थियों को परीक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि अपने प्रवेश पत्र, पहचान पत्र व पूरी यूनिफॉर्म के साथ परीक्षा देने जाए। किसी भी प्रकार का डर परीक्षा को लेकर आपके मन में ना हो और पूर्ण विश्वास के साथ आप जब परीक्षा देंगे तो आपका परीक्षा फल उत्तम ही आएगा। रवीश कुमार ने उत्तम परीक्षा फल के लिए विद्यार्थियों को शुभाशीष प्रदान किया। इस अवसर पर कक्षा 9 के विद्यार्थियों ने कक्षा 10 के सीनियर विद्यार्थियों के साथ बिताए अच्छे पलों को साझा किया और समारोह में एक से बढ़कर एक मनोरंजक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये और परमेश्वर से उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समारोह में आदित्य, श्रेया, दीपिका, सृष्टि आदि विद्यार्थियों ने अपने मनोभाव व्यक्त किए। शानदार समारोह के आयोजन के लिये अविनाश जी के प्रयासों को सराहा गया।समारोह का संचालन ममता शर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर एक पार्टी का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा 9 व 10 के विद्यार्थी शामिल हुए। समारोह के अंत में कक्षा 10 के सभी विद्यार्थियों को प्रवेश पत्र का वितरण किया गया। वंदे मातरम के साथ शुभाशीष समारोह का समापन हुआ।

# करियर मेले में विजेता विद्यार्थियों का किया सम्मान



वेलकम इंडिया

**धौलपुर।** शिक्षा विभाग एवं मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी धौलपुर दामोदर लाल मीणा के मार्गदर्शन में राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय धौलपुर में प्रधानाचार्य अर्चना मिश्रा एवं उप प्राचार्य बिंदुरानी के निर्देशन करियर मेले मे विजेता विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। प्रधानाचार्य एवं उप प्राचार्य ने विद्यार्थियों द्वारा मेले में लगाई गई रोजगार जानकारी संबंधित 15 स्टॉल के निरीक्षण के बाद प्रथम, द्वितीय और तृतीय पाने वाले को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। जिसमें आईटी सेक्टर ने प्रथम, मीडिया में रोजगार टीम ने द्वितीय एवं एनएसएस स्काउट टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके साथ ही विद्यार्थियो को जागरूक करने के लिए सुरक्षित इंटरनेट दिवस मनाया गया। जिसमें व्याख्याता भगवान सिंह मीना ने बताया कि इंटरनेट का उद्देश्य सभी लोगों को मिलकर इंटरनेट को सुरक्षित बनाना है। विशेष रूप से बच्चों और युवा लोगों को ऑनलाइन और मोबाइल फोन के सुरक्षित व अधिक जिम्मेदार उपयोग के लिए प्रोत्साहित करना है। व्याख्याता प्रियंका जिंदल ने बताया कि विद्यार्थियों को ऑनलाइन गेमिंग से दूर रहना चाहिए ऑनलाइन गेमिंग विद्यार्थियों के लिए बहुत बड़ा खतरा है।इस अवसर पर व्याख्याता उपमा शर्मा, मनोज झा, शालिनी श्रीवास्तव, प्रीति कुमारी, सुनीता कुमारी, ममता दीक्षित, देवयानी शर्मा, बेबी आसमा, प्रवीण कुमार, सतीश कुमार मीणा, अनिल कुमार मीणा, बृजेंद्र किरार, बिजेंद्र सिंह, अलका परमार, गरिमा गर्ग, अन्य मौजूद थे।

# बरेली में अलग-अलग सड़क हादसों में तीन की मौत, चार घायल

वेलकम इंडिया/चरन सिंह

**बरेली।** जिले में तीन अलग-अलग सड़क हादसों में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजनों ने अस्पताल प्रशासन पर लापरवाही और प्राइवेट अस्पतालों में कमीशनखोरी का आरोप लगाया है। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है। थाना आंवला क्षेत्र के फुलासी गांव निवासी हरदेई (50) और उनके पति देशराज बाइक से कस्बे से लौट रहे थे, तभी एक अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल दंपति को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां से डॉक्टरों ने उन्हे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। परिजनों का आरोप है कि जिला अस्पताल के डॉक्टरों और कर्मचारियों ने कमीशन के लिए प्राइवेट अस्पताल भेज दिया, जहां दो दिन में एक लाख रुपये का बिल बना दिया गया।

आर्थिक तंगी के चलते इलाज ठीक से नहीं हो पाया और हरदेई की मौत हो गई। परिवार ने अस्पताल प्रशासन के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने की बात कही है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना बारादरी क्षेत्र के दुर्गा नगर निवासी 19 वर्षीय मयंक और उसका दोस्त शिव कुमार बाइक से कैंट थाना क्षेत्र के बभिया जा रहे थे। सरदार नगर के पास एक तेज रफ्तार कार ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने उन्हें एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेजा, जहां उनका इलाज जारी है। थाना बहेड़ी क्षेत्र के गांव दईया भोजपुरी निवासी 18 वर्षीय विशाल अपनी दादी पादनामी के साथ गांव तेजनगर में हुए नामकरण समारोह से लौट रहे थे। मुड़िया गांव के पास एक तेज रफ्तार टैंकर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में विशाल की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दादी गंभीर रूप से घायल हो गईं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया, वहीं घायल बुजुर्ग को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना पुलिस ने विशाल की जेब में रखे दस्तावेजों की मदद से परिजनों को दी। बेटे की अचानक मौत की खबर सुनते ही परिवार में कोहराम मच गया। लगातार हो रहे सड़क हादसों के बाद परिजनों ने प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की है। वहीं, मृतक हरदेई के परिवार ने अस्पताल प्रशासन पर लापरवाही और कमीशनखोरी का आरोप लगाते हुए जांच की मांग की है। पुलिस ने सभी मामलों में जांच शुरू कर दी है।

# लोकायुक्त व डीएम की जांच में ग्राम प्रधान को मिला क्लीन चिट

**संतकबीरनगर।** जिला पंचायत राज अधिकारी ने विकास खंड सेमरियावा के गांव सुजिया के ग्राम प्रधान को क्लीन चिट दे दी है। जिला पंचायत राज अधिकारी राजेश कुमार ने आदेश में कहा है कि जांच आख्या में प्रथम दृष्टया प्रधान ग्राम पंचायत के विरुद्ध किसी प्रकार की कोई अनियमितता नहीं पाई गई जिसके क्रम में जिलाधिकारी के अनुमोदन दिनांक 17-12-2024 के क्रम में प्रकरण निक्षेपित किया जाता है। प्रधान प्रतिनिधि जिलाधिकारी रजिस्ट्री के माध्यम से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है ग्राम प्रधान कैसर जहां ने जिलाधिकारी को भेजे गये शिकायती प्रार्थना पत्र में कहा है कि ग्रामवासियो की जल निकासी की समस्या के निवारण हेतु नाली का निर्माण कार्य कराये जाने के दौरान सामने आ रही गड़ही जिससे मिट्टी पटवाकर अवैध कब्जा करने वाली महिला खुशबुनिशा पत्नी बरकत अली द्वारा गिराये गये अतिक्रमण में से नाली निर्माण जनहित में करा दिये जाने से उक्त महिला आक्रोशित होकर आमादा फौजदारी हो गई।

# इंडियन फर्नीचर के शोरूम में लगी भीषण आग

वेलकम इंडिया/चरन सिंह

**बरेली।** शहर के इंडियन फर्नीचर शोरूम में मंगलवार सुबह अचानक आग लग गई, जिससे लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। बताया जा रहा है कि शॉर्ट सर्किट के कारण आग भड़की, जिसने कुछ ही देर में विकराल रूप ले लिया। इस आग के कारण शोरूम में रखे फोम के 10 बंडल और कपड़े के 30 बंडल समेत कीमती सामान पूरी तरह जल गए। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आग लगते ही शोरूम मालिक वसीम खान पुत्र नसीम अहमद, निवासी मोहल्ला कोट को मजदूरों ने इसकी सूचना दी। जिसके बाद उन्होंने तुरंत दमकल विभाग को फोन किया, लेकिन फोन नहीं लगा। घबराए मालिक वसीम खान मदद के लिए थाना बारादरी पहुंचे और पुलिस को घटना की जानकारी दी।



इसके बाद पुलिस ने तुरंत फायर ब्रिगेड को सूचित किया। सूचना मिलते ही दमकल की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया, हालांकि, तब तक शोरूम मालिक के अनुसार करीब 12 लाख रुपये का सामान जलकर राख हो चुका था। गनीमत रही कि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ।

# जामिया उमामा लिलबनात बनात से चार छात्राओं ने किया कुरान शरीफ हिफ्ज



वेलकम इंडिया

**संतकबीरनगर।** ब्लॉक मुख्यालय पर स्थित जामिया उमामा लिलबनात में चार छात्राओं ने पवित्र धर्मग्रंथ कुरान शरीफ को याद कर हाफिज ए कुरान की उपाधि हासिल की है।

बुधवार को एक सादे समारोह में आरिफा नसीम की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।जिसमें अजहा मो आमिर, मतहरुन्निसा, हुदा अब्दुल गफ्फार, सोमैया मो मारूफ ने अपने परीक्षक को सुनकर कुरान को पूरा किया। ढेर सारी दुआएं और आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर मौलाना अब्दुर्रहमान नदवी ने कहा कि कुरान शरीफ आसमानी किताब है।जिसमें जिंदगी गुजारने का तरीका बताया गया है।इसकी हिफाजत अल्लाह करेंगे।पुरुषों की तरह महिलाओं का भी इस्लामी शिक्षा के प्रचार प्रसार में बड़ा योगदान रहा है।इन छात्राओं ने कुरान शरीफ याद कर के बड़ी उपलब्धि हासिल की है। छात्राओं की इस उपलब्धि पर मौलाना नसीर अहमद, रोकैया इम्तियाज, शफीउर्रहमान नदवी, फरहान अहमद, एजाज अहमद करखी, जफीर अली, मो मुकर्रम, राजीअहमद, मुजीब बस्तवी, मुजीबुर्रहमान कासमी, गुफरान अहमद नदवी, अब्दुल अजीम आदि मौजूद रहे।

# भाजपा जिला कार्यालय और 15 मंडल के बूथों पर समर्पण दिवस के रूप में मनाई गई पं. दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि, जिलाध्यक्ष ने दी श्रद्धांजलि

वेलकम इंडिया

**हाथरस।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष शरद माहेश्वरी द्वारा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के चिन्तक और संगठनकर्ता एवं भारतीय जनसंघ के अध्यक्ष पंडित दीनदयाल उपाध्याय के छवि चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पार्चन कर समर्पण दिवस के रूप में पुण्यतिथि मनाई गई और इसके साथ साथ जनपद हाथरस के 15 मंडलों के प्रत्येक बूथों पर पुण्यतिथि को मनाया गया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष शरद माहेश्वरी ने बताया कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय वर्ष 1967 में कालीकट अधिवेशन में भारतीय जनसंघ के अध्यक्ष निर्वाचित हुए, दीनदयाल उपाध्याय जनसंघ के राष्ट्रजीवन दर्शन के निमार्ता माने जाते हैं, उनका उद्देश्य स्वतंत्रता की पुनः रचना के




प्रयासों के लिए विशुद्ध भारतीय तत्व-दृष्टि प्रदान करना था, उन्होंने भारत की सनातन विचारधारा को युगानुकूल रूप में प्रस्तुत करते हुए एकात्म मानववाद की विचारधारा दी, उन्हें जनसंघ की आर्थिक नीति का रचनाकार माना जाता है, उनका विचार था कि आर्थिक विकास का मुख्य उद्देश्य सामान्य मानव का सुख है, पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्वदेशी के भी बहुत बड़े समर्थक थे, उनका कहना था कि भारत के लिए एक स्वदेशी आर्थिक मॉडल विकसित करना अत्यंत महत्वपूर्ण है, जिसमें व्यक्ति केंद्र में हो, उन्होंने देश की आर्थिक व्यवस्था के लिए 'भारतीय अर्थ नीति का अवमूल्यन' और 'भारतीय अर्थ नीतिः विकास की एक दिशा' नाम की पुस्तक भी लिखी थी।

# पुलिस और बदमाशों में मुठभेड़, दो बदमाश घायल

वेलकम इंडिया

**बेलहर, संतकबीरनगर।** बेलहर थाना क्षेत्र के सुरसा चमनजोत जंगल में मंगलवार सुबह पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हो गई, जिसमें दो कुख्यात बदमाश गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को तुरंत अस्पताल भेजा, जहां चिकित्सकों द्वारा उनका इलाज किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने मौके पर पहुंचकर पूरी घटना की जानकारी ली और पुलिस टीम की सराहना की। पुलिस के मुताबिक, एक सप्ताह पहले निघुरी चौराहे पर मोबाइल व्यवसायी से लूट की वारदात को अंजाम दिया गया था। इस मामले में



जांच पड़ताल चल रही थी, लेकिन पुलिस की कार्रवाई में ढिलाई बरतने के कारण बेलहर थाना प्रभारी नन्दू गौतम को निलंबित कर दिया गया था। और दूसरे थाना प्रभारी को जिम्मेदारी सौंपी गई थी। इसी बीच पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि लूटकांड में शामिल बदमाश सुरसा चमनजोत जंगल में छिपे हुए हैं। सूचना मिलते ही बेलहर थाना पुलिस और स्पेशल टीम ने इलाके की घेराबंदी कर दी। जब पुलिस टीम जंगल में पहुंची तो बदमाशों ने खुद को घिरता देख फायरिंग शुरू कर दी।

# पूणार्हुति के साथ संपन्न हुआ पंच दिवसीय श्रीहनुमान महायज्ञ



(डॉ. गोपाल चतुर्वेदी)

**वृन्दावन।** गोवर्धन रोड़-ग्राम बहुलावन (बाटी) स्थित श्रीव्यास तपोवन (श्रीराम गौ सेवा कुंज) में श्रीराम मित्र मंडल (रजि.) के द्वारा आचार्य महन्त रामदेव चतुर्वेदी के सानिध्य में चल रहा पंच दिवसीय श्रीहनुमान महायज्ञ वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य पूणार्हुति के साथ सम्पन्न हुआ।इसके साथ ही चल रहे नित्य श्रीहनुमान चालीसा, सुंदरकांड व भजन-संकीर्तन आदि के कार्यक्रम भी संपन्न हुए।इस अवसर पर कोलकाता, कानपुर, दिल्ली, मथुरा-वृन्दावन, मुम्बई, छत्तीसगढ़, मदुरै, सेलम, इन्दौर, मैनपुरी, राजस्थान एवं बाटी आदि स्थानों से आए भक्तों-श्रद्धालुओं ने प्रख्यात यज्ञाचार्य आचार्य कुंज किशोर चतुर्वेदी (श्रीगोपाल वैष्णव पीठ, गोपाल मन्दिर, मथुरा) के आचार्यत्व में अपनी आहुतियां डाली। समापन से पूर्व श्रीराम मित्र मंडल (रजि.) के अध्यक्ष आचार्य महन्त रामदेव चतुर्वेदी ने समस्त भक्तों-श्रद्धालुओं को श्रीहनुमान महायज्ञ की महिमा बताते हुए कहा कि श्रीहनुमान महाराज दास्य भक्ति के आचार्य हैं। भगवान श्रीरामचंद्र और माता जानकी के आशीर्वाद से वे अजर और अमर हैं। संसार का ऐसा कोई भी कार्य नहीं है, जिसे श्रीहनुमानजी नहीं कर सकते हों। इसीलिए उनकी भक्ति व पूजा-आराधना करने वाले व्यक्ति की सभी बाधाएं दूर होती हैं। साथ ही उनके सभी मनोरथ पूर्ण होते हैं। महोत्सव के समन्वयक डॉ. गोपाल चतुर्वेदी, संयोजक आचार्य लवदेव चतुर्वेदी, आचार्य कुशदेव चतुर्वेदी, श्रीमती कुंजलता चतुर्वेदी, श्रीमती वसुधा चतुर्वेदी, डॉ. राधाकांत शर्मा एवं जिंदल परिवार, देहली आदि।

# डीएम के निदेशों की अनदेखी, इस बार जिला अस्पताल के ऑक्सीजन प्लांट की चाबी जरूरत के वक्त नहीं मिली

वेलकम इंडिया/चरन सिंह

**बरेली।** सरकारी अस्पतालों के स्टाफ की लापरवाही तो अक्सर आपने खबरों में पढ़ी ही होगी, लेकिन सोमवार को एक ऐसी घटना सामने आई जिसमें इसी स्टाफ की लापरवाही से जिला अस्पताल के बच्चा वार्ड में भर्ती एक बच्चे की जान जोखिम में पड़ गई। बच्चा वार्ड में भर्ती एक बच्चे की अचानक सांस उखड़ने लगी तो डॉक्टर ने ऑक्सीजन सप्लाई के लिए प्लांट चालू करने को कहा लेकिन ऑक्सीजन प्लांट की चाबी ही नहीं मिली। जिसके बाद इमरजेंसी



सिलेंडर इस्तेमाल कर बच्चे की जान बचाई गई। बाद में पता चला कि ऑक्सीजन प्लांट की चाबी एक कर्मचारी जेब में डालकर ले गया था। हालांकि मामला तूल पकड़ने के बाद एडीएसआईसी ने उस कर्मचारी को जवाब तलब किया है। दरअसल जिला अस्पताल के बच्चा वार्ड में भर्ती एक बच्चे की सोमवार दोपहर करीब साढ़े 12 बजे अचानक हालत बिगड़ने लगी। इसी बीच उसे सांस लेने में गंभीर समस्या हुई तो डॉक्टर ने फौरन ऑक्सीजन सप्लाई शुरू कराने को कहा लेकिन जब वार्ड का स्टाफ ऑक्सीजन प्लांट चालू करने पहुंचा तो उस पर ताला लटका हुआ था। कर्मचारियों ने एडीएसआईसी डॉ. अलका शर्मा को इसकी सूचना दी तो उन्होंने प्लांट का ताला तोड़कर उसे चलाने का निर्देश दिया, लेकिन इस बीच किसी वार्ड से इमरजेंसी सिलेंडर लाकर बच्चे को ऑक्सीजन दे दी गई जिससे उसकी जान बच गई, इस अफरा तफरी बाद एडीएसआईसी ने वार्ड के स्टाफ को अपने कार्यालय में बुलाकर पूछताछ की तो पता चला कि एक कर्मचारी ऑक्सीजन प्लांट की चाबी जेब में डालकर कहीं चला गया था। एडीएसआईसी ने उसे कड़ी कार्रवाई की चेतावनी देते हुए स्पष्टीकरण मांगा है। आपको बता दें कि अभी पिछले महीने ही जिलाधिकारी बरेली रविंद्र कुमार जिला महिला अस्पताल का निरीक्षण करने पहुंचे थे तो वहां फायर पैनल ताले में बंद पाया गया था। डीएम ने उसे खोलने को कहा तो पता चला कि चाबी किसी कर्मचारी के पास है जो अस्पताल में मौजूद नहीं है।

# डा0 भीमराव अम्बेडकर स्पोर्टर्स स्टेडियम मकबरा में चल रहे स्व0 राकेश चन्द्र कपूर पल्लू भईया मेमोरियल अयोध्या प्रीमियर लीग मैच

वेलकम इंडिया



**अयोध्या।** मार्बल कप के दूसरे दिन 02 मैच खेले गये। आज के दिन के मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के पूर्व महानगर अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा का स्वागत आयोजन सचिव सुप्रीत कपूर व निदेशक सैययद सुबहानी ने माला पहनाकर व अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह भेटकर किया। मुख्य अतिथि अभिषेक मिश्रा ने मैदान पर जाकर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। दिन का पहला मैच किंग स्टार और सी.एफ.सी.-11 के बीच खेला गया। सी.एफ.सी.-11 ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 18 ओवर में 8 विकेट लेकर 125 रन बनाए। सी.एफ.सी.-11 के बल्लेबाज आकिब खान ने 34 गेंद पर तीन चौके व 1 छक्के की मदद से 30 रन बनाए और सलमान ने दो चौके व 1 छक्के की मदद से 16 रन बनाए। किंग स्टार के गेंदबाज इन्द्रेश ने 12 रन देकर 4 विकेट व वैभव और सैफ ने 2-2 विकेट हासिल किये। लक्ष्य का पीछा करने उतरी किंग स्टार की टीम ने 13वें ओवर में 8 विकेट शेष रहते हुए लक्ष्य हासिल कर लिया। किंग स्टार के बल्लेबाज विनोद ने 24 गेंदों पर 4 चौके व 1 छक्के की मदद से 46 रन व वैभव तिवारी ने 29 गेंदों पर 6 चौके की मदद से 39 रन और शिवेन्द्र ने 15 गेंदों पर 6 चौके की मदद से 24 रन बनाए। वही सी.एफ.सी.-11 के गेंदबाज सलमान और मनोज ने 1-1 विकेट हासिल किये। इस मैच में मैन ऑफ द मैच का खिताब विनोद यादव को दिया गया। दिन का दूसरा मैच लाइन इलेवन और सी.एफ.सी.-11 के बीच खेला गया। लाइन स्टार ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 18 ओवर में 5 विकेट खोकर 124 रन बनाए। लाइन स्टार के बल्लेबाज आशुतोष यादव ने 40 गेंदों पर 2 चौको व 2 छक्कों की मदद से 51 रन बनाए व संदीप ने 20 गेंदो पर 02 चौको व 01 छक्कों की मदद से 25 रन बनाए व प्रद्युमन यादव ने 3 चौको की मदद से 25 रन बनाए, वही सी.एफ.सी. के गेंदबाज फौजी ने 02 विकेट लिये। लक्ष्य की पीछा करने उतरी सी.एफ.सी.-11 08 विकेट खोकर 118 रन बना सकी। सी.एफ.सी. के बल्लेबाज आकिब खान ने 36 रन व धनंजय ने 19 रन बनाए। वहीं लाइन स्टार के गेंदबाज प्रद्युमन यादव ने 04 विकेट लेकर मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार हासिल किया। मीडिया प्रभारी मनोज तिवारी ने बताया कि इस मौके पर आयोजन अध्यक्ष दीपेन्द्र श्रीवास्तव, देवेन्द्र मिश्र दीपू, गगन जयसवाल, शोभिल अग्रवाल, विवेक साहू, अंकुश गुप्ता, प्रकाश मोदनवाल, विनोद जयसवाल, अर्पित शर्मा, राजन यादव, मो0 सादिक, मो0 हमजा, मो0 बिलाल आदि मौजूद रहे।

# हत्या के आरोपी की अवैध संपत्तियों पर चलेगा बुलडोजर

वेलकम इंडिया



**अयोध्या।** कैंट कोतवाली क्षेत्र के बनबीरपुर में थार से कुचलकर हुई हत्याओं के आरोपी अर्पित दुबे की अवैध संपत्तियों पर बुलडोजर चल सकता है। सट्टेबाजी के बल पर अर्जित की गई अकूत संपत्तियों का ब्योरा पुलिस खंगाल रही है। उसके बैंक खातों का विवरण जुटाया जा रहा है। पुलिस सूत्रों के अनुसार बनबीरपुर निवासी कप्तान सिंह उर्फ रवींद्र व आलोक सिंह की हत्या के मुख्य आरोपी अर्पित दुबे के पिता कचहरी में मुंशी हैं। सामान्य परिवार में जन्में अर्पित को शुरू से ही आलीशान जिंदगी गुजारने का शौक था। कम समय में तरक्की की चाह में उसने गलत रास्ते को चुना और सट्टेबाजी की काली दुनिया में एंट्री की। इसके दम पर वह लगभग आठ-नौ साल में ही अकूत संपत्तियों का मालिक हो गया। पैसों के दम पर उसने गांव के बाहर कई गुर्गे पाल रखे थे, जिन्हें उससे मोटी रकम मिलती थी। इन्हीं गुर्गों के सहारे वह सट्टे में काफी कुछ गंवाने वालों को डरा-धमकाकर उनकी जमीनों पर भी नजर रखता था। कम समय में अकूत संपत्तियां अर्जित करने के साथ ही उसका रौब और रुतबा बढ़ता गया। गांव के लोगों से तनातनी रहती थी। इस बीच उसके ऊपर सट्टेबाजी से संबंधित मुकदमे भी दर्ज हुए। पुलिस के अनुसार अपराध जगत से काली कमाई करके थार खरीदी थी। इसके अलावा उसके पास दो अन्य चार पहिया वाहन भी होने का दावा किया जा रहा है। प्रभारी निरीक्षक कैंट पंकज सिंह ने बताया कि आरोपी ने अपराध जगत से काफी संपत्ति बनाई है। आरोप पत्र दाखिल करने के बाद गैंगेस्टर की कार्यवाही के दौरान समस्त संपत्तियों का आकलन किया जाएगा। फिलहाल आरोपी के पास एक मकान व दो कार के अलावा कीमती जमीनें होने की भी जानकारी मिली है। वहीं, सीओ सिटी शैलेंद्र सिंह ने बताया कि आरोपी की अवैध संपत्तियों पर निश्चित तौर से बुलडोजर चलाया जाएगा। इसके लिए सारी जानकारी जुटाई जा रही है।

# मंदिर के वार्षिकोत्सव पर भजन कीर्तन व भंडारा



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** स्थानीय गुरू नानकपुरा की गली नं0 चार में स्थित बालाजी त्रिगुणामयी धाम मंदिर का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर वशिष्ट बंधुओं के धार्मिक भजनों पर श्रद्धालुजन झूमते रहे। विशाल भंडारा आयोजित किया गया। जिसमें पर्याप्त संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर स्वयं को धन्य किया। इस अवसर पर सर्वश्री पं0 सूरज प्रकाश वशिष्ट, राजकुमार खुराना, चंद्रप्रकाश वशिष्ट, दीपक वशिष्ट, पंजाबी संगठन महिला विग की अध्यक्ष शालिनी नैयर, पिंकी शर्मा, हर्ष शर्मा, विकास ढींगरा, किरन शर्मा, नीतू कुमारी, पूनम ढींगरा आदि मौजूद थे।

## सार्वजनिक स्थान पर शराब पीने वाले 630 गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस कमिश्नरेट के तीनों जोन में चलाए गए विशेष अभियान में 630 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया गया। सभी के खिलाफ पुलिस एक्ट की धारा 34 के तहत कारज्वाई की गई। डीसीपी सिटी राजेश कुमार के अनुसार, नगर जोन में सबसे ज्यादा 314 लोगों को पकड़ा गया। इनमें कोतवाली घंटाघर से 76, विजयनगर से 48, सिहानी गेट से 28, नंदग्राम से 62, कवि नगर से 42 और मधुबन बापूधाम से 58 लोग शामिल हैं। वहीं, देहात जोन में डीसीपी सुरेंद्र नाथ तिवारी के नेतृत्व में 169 लोगों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के मुताबिक, लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि कुछ लोग सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीकर राहगीरों को परेशान कर रहे हैं। इसके बाद शहर, देहात और ट्रांस हिंडन जोन में यह विशेष अभियान चलाया गया। पकड़े गए सभी लोगों को थाने लाया गया और उनका मेडिकल परीक्षण कराने के बाद चालान किया गया। हैरानी की बात यह रही कि पकड़े गए लोगों में युवा से लेकर बुजुर्ग तक शामिल थे। कुछ लोगों ने पुलिस से बचने के लिए अपनी कारों पर काली फिल्म भी लगा रखी थी, लेकिन वे भी पुलिस की गिरफ्त में आ गए।

## सीएम की फोटो पर अभद्र टिप्पणी करने वाले को पुलिस ने दबोचा

**गाजियाबाद।** पुलिस ने एक मोमोज विक्रेता को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की फोटो के साथ सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। डीसीपी रूरल सुरेंद्रनाथ त्रिपाठी के अनुसार, थाना लोनी पुलिस ने 29 वषीज्य आफताब मंसूरी को हिरासत में लिया है। आरोपी आफताब, जो मूल रूप से एटा का निवासी है, वर्तमान में लोनी के अशोक विहार में छप्पर वाली मस्जिद के पास जैन कॉलोनी में किराए के मकान में रह रहा था। पुलिस को 10 फरवरी को उसके इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक आपत्तिजनक वीडियो मिला, जिसमें उसने महाराष्ट्र के एक नेता के बयान को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तस्वीर के साथ जोड़कर पोस्ट किया था। पुलिस के मुताबिक, आफताब ने न केवल अभद्र टिप्पणी की, बल्कि इस कृत्य से सामाजिक सौहादज को भी नुकसान पहुंचाने का प्रयास किया। फिलहाल आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है और मामले में आगे की कानूनी कारज्वाई की जा रही है।

## सड़क पर शराब पीने का विरोध करने पर हमला

**गाजियाबाद।** मोदीनगर की मानवतापुरी कॉलोनी में एक युवक को सड़क पर शराब पीने से मना करने पर कुछ दबंगों ने डंडे से हमला कर दिया। घटना देर रात की है जब पीड़ित सोनू अपने किसी काम से जा रहा था। रास्ते में कुछ युवक सार्वजनिक स्थान पर शराब पी रहे थे। जब सोनू ने उन्हें ऐसा करने से मना किया, तो आरोपियों ने उस पर डंडे से हमला कर दिया, जिससे उसका सिर फट गया। गंभीर चोटों के कारण सोनू को तुरंत एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज चल रहा है। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली है और आरोपियों की तलाश में जुट गई है। इसी दौरान, एक अन्य घटना में सुदामापुरी कॉलोनी में एक राशन डीलर छत्रपाल सिंह के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। एक युवक, जिसकी मां की हाल ही में मृत्यु हुई थी, राशन लेने आया था। एक यूनिट राशन कम मिलने पर उसने राशन डीलर के साथ मारपीट कर दी। पीड़ित राशन डीलर ने मोदीनगर थाने में शिकायत दर्ज कराई है और पुलिस इस मामले की भी जांच कर रही है।

# छाया पब्लिक स्कूल में 12वीं कक्षा के छात्रों का आशीर्वाद समारोह किया आयोजित

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर।** गोविंदपुरी स्थित छाया पब्लिक स्कूल में 12वीं कक्षा के छात्रों का आशीर्वाद समारोह आयोजित किया गया जिसमें आमिर को मिस्टर छाया व गरिमा छाबड़ा को मिस छाया चुना गया। इस अवसर पर छात्रों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए विद्यालय प्रबंधक अखिलेश द्विवेदी द्वारा बच्चों को आशीर्वाद देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर अरुण त्यागी ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि स्कूल और छात्रों का रिश्ता बड़ा अनमोल है कुछ संस्थान इसको विदाई समारोह का नाम देते हैं हम और आप कभी एक दूसरे से विदा हो नहीं सकते। इसलिए हम इसको आशीर्वाद समारोह के रूप में मना रहे हैं क्योंकि छात्र और शिक्षकों का एक अटूट रिश्ता होता है। जिसको कोई जुदा नहीं कर सकता उन्होंने कहा छाया पब्लिक स्कूल एक ऐसा संस्थान है बच्चा स्कूल के बाद भी अगर किसी राह पर अपने आप को असहाय महसूस कर रहा हूं तो कंधे से कंधा मिलाकर उसके साथ खड़ा रहता है इस अवसर पर आर डी कॉलेज के डायरेक्टर डॉक्टर विवेक त्यागी कर्नल सुभाष वर्मा ने बच्चों को परीक्षा में सफल होने के लिए शुभकामनाएं दी शिक्षिका अर्चना शर्मा रंजू विश्नोई चित्र दीक्षित अविनाश त्यागी आशीष त्यागी मोनिका त्यागी गौरव वर्मा अतुल शर्मा आदि शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रही।

# मानवता वाद के सजग प्रहरी थे पंडित दीनदयाल उपाध्याय



वेलकम इंडिया

**अयोध्या।** समाज के सबसे निचले पायदान के आर्थिक रूप से कमजोर के विकास के बारे में चिंतन करके उनको मुख्य धारा से जोड़ने के अपने उत्कृष्ट कार्य के लिए पूरे विश्व में अपनी पहचान बनाने वाले पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऐसे महामानव थे जिन्होंने जीवन भर एकात्मक मानवतावाद पर काम करके मानव समाज को गौरवान्वित किया। और भारतीय जनता पार्टी के गठन में सक्रिय भूमिका अदा किया जिसके चलते उनको हमेशा याद किया जारहा है। और अखिल एकात्म मानवता वाद के प्रणेता भारतीय जनता पार्टी के फाउंडर लीडर पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर उनकी प्रतिमा पर फूल माला चढ़कर नमन किया गया।इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यालय मंत्री बबलू मिश्रा सुनील कुमार शास्त्री आदि उपस्थित रहे।

# धोखाधड़ी के दो आरोपियों को पुलिस ने दबोचा

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के दो शातिर एक भाजपा नेता से, तो दूसरा वकील से धोखाधड़ी करके फरार हो गए। दो शातिरों को पुलिस ने दबोचा है। एक मुंबई में तो दूसरा हैदराबाद में छिपा था। एक ने बीजेपी नेता को शिकार बनाया, दूसरे ने वकील को चूना लगाया और हो गए फरार। अरसे से अलग-अगल स्टेट्स में छिपे दोनों आरोपियों को पुलिस ने दबोचा है। एक हैदराबाद में तो दूसरा मुंबई में छिपा था। अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष जमालुद्दीन अल्वी का बेटा समीर हिंडन विहार में प्लास्टिक दाना बनाने की फैक्ट्री चलाता है। कच्चा माल देने के लिए आरोपी ने उनके बेटे समीर से संपर्क किया। आरोप है कि कच्चा माल आपूर्ति करने की एवज में 11.65 लाख रुपये जमा कराए। इसके बाद भी आपूर्ति नहीं की।

# एनवायरमेंट क्लब ने शहीद स्थल मेट्रो स्टेशन पर चलाया स्वच्छता अभियान




वेलकम इंडिया

**गाज़ियाबाद।** एनवायरमेंट क्लब गाज़ियाबाद ने शहीद स्थल मेट्रो स्टेशन के आसपास स्वच्छता अभियान चलाया जिसमें क्लब के युवा सदस्यों ने प्लास्टिक कचरे को साफ किया। स्वच्छता अभियान के दौरान दुकानदारों और ठेले वालों को कूड़ेदान रखने व आम जन को स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया गया। इस स्वच्छता अभियान का उद्देश्य लोगों को प्लास्टिक इस्तेमाल ना करने के लिए और स्वच्छता का ध्यान रखने के लिए जागरूक करना था। स्वच्छता अभियान में करीब 10 किलो प्लास्टिक कूड़ा साफ किया गया। अंत में सभी स्टेशन के बाहर स्वच्छता की शपथ ली।

# मूर्ति अनावरण के कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए किया प्रचार



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** स्वर्गीय चौधरी अजीत सिंह की जन्म भूमि ग्राम भदोला में उनके जन्मदिन की पूर्व संध्या पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रधान चंद्रपाल ने की तथा संचालन मोनू चौधरी ने किया। इस कार्यक्रम में स्वर्गीय चौधरी अजीत सिंह द्वारा किए गए कार्यों के बारे में चर्चा की गई तथा उनकी मूर्ति अनावरण के कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए गांव वासियों को बसों द्वारा छपरौली जाने के लिए आह्वान किया। इसके अलावा फजलगढ भोजपुर आदि गांव में भी प्रचार कर भारी संख्या में जाने का आह्वान किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय लोक दल के वरिष्ठ नेता सत्येंद्र तोमर पूर्व जिला पंचायत सदस्य सतीश राठी सुरेंद्र तेवतिया जिला अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ सुमन चौधरी ब्रजवीर प्रधान देव फजलगढ़ जीत सिंह अनिल नवीन ईश्वर सिंह सदन वीर केपी आदि मौजूद रहे।

# आठ दिन में गांव अबूपुर का मुख्य मार्ग सही नहीं हुआ तो प्रारंभ होगा अनशनः ईश्वर चंद

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** सामाजिक संस्था निर्वाण फाउंडेशन के संस्थापक ईश्वर चंद ने कहा कि गांव अबूपुर के जर्जर मार्ग को ठीक कराए जाने की मांग को लेकर निर्माण फाऊंडेशन संस्था के सदस्य गांव वासियों के साथ 13 दिन से धरना दिए हुए हैं, लेकिन अभी तक सड़क का ठीक नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि 8 दिन में मुख मार्ग सही नहीं हुआ तो उनकी संस्था अनशन शुरू कर देगी। ईश्वर चंद्र ने बताया कि धरना स्थल पर राजनैतिक व्यक्तियों एव प्रशासन से जुड़े लोग पहुंचे। प्रशासनिक अधिकारियों मे तहसीलदार महोदय, लेखपाल सहित क्षेत्रीय सचिव प्रियका देवी, ग्राम प्रधान पति कृषणवीर जून तथा विधायक प्रतिनिधि डा करणवीर अपने सहयोगियों के साथ धरना स्थल पर पहुंचे। उन्होंने ग्राम अबुपुर मे मुख्य मार्ग जल भराव की समस्या को देख कर एक सप्ताह मे समाधान करने का वादा किया। उन्होंने पीड़ित ग्राम वासियों व संगठन के कार्यकताओं के साथ स्पष्ट कर दिया की अगर एक सप्ताह के अंदर ग्रामवासियों की पीड़ा का समाधान नही होता है तो धरना स्थल पर ही उनकी संस्था अनशन शुरू कर देगी। इस पर डा करणवीर सिंह व तहसीलदार ने उन्हें उन्हें आश्वासन देते हुए कहा कि अनशन की नौबत नहीं आने देंगे। इस मौके पर कमलेश ,सुचिता ,अलक, बिमल, राजबती,अंकित शर्मा,राजीव शर्मा, विलियम, ओमकार , अमित अग्रवाल नवरसन गुरु जी, विनय गर्ग जोली, विक्की शर्मा ,मोनू, रिंकू,भोला शंकर,मेघा, उज्वल,रोहित,अरुण , ब्रजभूषण, पिंकी, नितिन शर्मा, दिव्या, प्रमिला,शुभम, विपिन,बंटी, ममता आदि ग्राम वासी उपस्थित रहे ।



# गाजियाबाद से लोनी तक चलेगी मेट्रो, जीडीए से मांगी गई जानकारी

वेलकम इंडिया




**गाजियाबाद।** करीब सात साल पहले तीन मेट्रो कॉरिडोर बनाने का प्रस्ताव रखा बया था. ये थे रेड लाइन पर दिलशाद गार्डन-नए बस अड्डा मार्ग, ब्लू लाइन पर प्रस्तावित नोएडा सेक्टर 62 से साहिबाबाद मेट्रो लाइन और पिंक लाइन पर शिव विहार (दिल्ली)-मंडोला (लोनी)। इनमें से केवल रेड लाइन पर दिलशाद गार्डन-नए बस अड्डा मार्ग बन पाया।

गाजियाबाद विकास प्राधिकरण ने भी कहा है कि शिव विहार-मंडोला मेट्रो रूट को लेकर पूछताछ की गई है और प्राधिकरण जल्द ही डीएमआरसी के साथ बातचीत करेगा और परियोजना के लिए डीपीआर (डिटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट) तैयार करने का अनुरोध किया जा सकता है। दिल्ली मेट्रो की पिंक लाइन का अंतिम स्टेशन शिव विहार है, जो आंशिक रूप से लोनी और आंशिक रूप से दिल्ली में स्थित है। प्रस्तावित नई लाइन से 10 लाख से अधिक लोगों को सीधा दिल्ली से जुड़ने का लाभ मिलेगा।

**रेड लाइन पर दिलशाद गार्डन-नए बस अड्डा मार्ग बन पाया**

इसके अलावा, मंडोला विहार और ट्रॉनिका सिटी जैसी महत्वाकांक्षी हाउसिंग योजनाओं को भी इस परियोजना से फायदा होगा. इस समय गाजियाबाद में दो ऑपरेशनल मेट्रो लाइनें हैं- 9.3 किमी लंबी दिलशाद गार्डन-शहीद स्थल (नया बस अड्डा) रेड लाइन और 2.2 किमी लंबी ब्लू लाइन, जिसमें कौशांबी और वैशाली स्टेशन। इसके अलावा, 42 किमी लंबा नमो भारत रूट (साहिबाबाद से मोदीनगर नॉर्थ) भी जिले से होकर गुजरता है। यह रूट साहिबाबाद, गाजियाबाद, गुलधर, दुहाई, दुहाई डिपो, मुरादनगर, मोदीनगर साउथ और मोदीनगर नॉर्थ से होकर जाता है।

# डेंटल हेल्थ चेकउप कैंप का आयोजन




वेलकम इंडिया




**गाजियाबाद।** (उत्तरप्रदेश) के स्कूलों में उम्मीद फाउंडेशन होप फॉर्_मन(ट्रस्ट) और आई. टी.एस .डेंटल कॉलेज मुरादनगर (उत्तरप्रदेश) के साथ मिलकर किये फ्री डेंटल हेल्थ चेकउप कैंप का आयोजन उम्मीद फाउंडेशन - होप फॉर ह्यूमन (ट्रस्ट) ने आई. टी.एस . डेंटल कॉलेज मुरादनगर (गजिआबाद, उत्तेर प्रदेश) के सहयोग से गजिआबाद के कई स्कूलों में फ्री डेंटल हेल्थ चेकअप कैंप व डेंटल अवेयरनेस कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें प्रशिक्षित डॉ. के द्वारा छात्र-छात्राओं का डेंटल चेकअप किया और डेंटल हेल्थ के प्रति जागरूक किया गया, छात्र-छात्राओं को दांतो की साफ सफाई और खान पान के विषय और समय के अनुसार शारीरिक परिवर्तन की जानकारी दी गयी। इस अवसर पर उम्मीद फाउंडेशन के संस्थापक श्री ललित सिंह बिष्ट के द्वारा बताया गया की संस्था के द्वार आगे ऐसे और कैंप लगाने की योजना है जिसका लाभ लगभग 5000 से अधिक छात्र-छात्राओं को होगा।

# गाजियाबाद की बेटी बनी जज जनपद का किया नाम रोशन



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद की बेटी ने हरियाणा में पीसीएस जे की परीक्षा पास करते हुए जज बनने का सफर तय किया परिजनों को मुताबिक बिटिया बचपन से ही पढ़ाई में तेज थी और एकाग्र होकर अपने लक्ष्य प्राप्ति की ओर प्रयास करती थी। शहर के अवंतिका क्षेत्र में रहने वाले एडवोकेट जितेंद्र सिंह चौधरी की बेटी मुनमुन चौधरी ने हरियाणा पीसीएस जे की परीक्षा उतार कर सिविल जज जूनियर डिवीजन का पद हासिल किया है। जिसके चलते उनके परिवार में खुशी का माहौल है। इस संबंध में जितेंद्र चौधरी ने बताया कि उनकी बेटी ने यूपी बिहार और दिल्ली में भी पीसीएस जे की प्रारंभिक एवं मेंन परीक्षा उत्तीर्ण की थी जहां इंटरव्यू में उन्हें सफलता नहीं मिली थी लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी और हरियाणा पीसीएस जे में दूसरे अटेम्प्ट में यह सफलता प्राप्त की। मुनमुन चौधरी ने गाजियाबाद की राम चमेली चढ़ा विश्वास कॉलेज से बीएससी बायो की डिग्री हासिल की थी जिसके बाद उन्होंने दिल्ली यूनिवर्सिटी से एलएलबी की डिग्री हासिल की इसके अतिरिक्त प्रतिदिन 16 घंटे एकाग्र होकर अध्यनरत रहती थी। इस संबंध में मुनमुन चौधरी ने कहा कि उन्होंने सिलेबस को सिस्टमैटिक तरीके से विभाजित किया जिसके बाद उन्होंने क्रमवार पढ़ाई शुरू की ऐसे में लाइब्रेरी इंटरनेट एवं कुछ दोस्त उनके बेहद मददगार साबित हुए जब वह दिल्ली यूपी बिहार और हरियाणा में प्रथम अटेंप्ट के बाद इंटरव्यू में सिलेक्ट नहीं हो सकी तब उन्होंने हार नहीं मानी और एक बार फिर शुरू से शुरू किया।

# जीएसटी विभाग ने महागुन सहित अन्य संबंधित स्थानों पर की छापेमारी 6.80 करोड़ की टैक्स चोरी पकड़ी

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** जीएसटी विभाग की टीम ने महागुन के ऑफिस और अन्य संबंधित स्थानों पर छापेमारी की है। विभाग को शक है कि महागुन ग्रुप ने जीएसटी नियमों का उल्लंघन करते हुए करोड़ों रुपये की चोरी की हो सकती है। इस मामले में बिल्डर द्वारा छापेमारी को प्रभावित करने की कोशिश करने की भी खबरें आ रही हैं, लेकिन जीएसटी विभाग ने इस मामले में कार्रवाई जारी रखी है। केंद्रीय माल और सेवाकर अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों के तहत, आयुक्त संजय लवानिया की अगुवाई में सीजीएसटी $गाजियाबाद की कर अपवंचन शाखा के अधिकारियों द्वारा मेसर्स महागुन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के नोएडा और $गाजियाबाद स्थित कार्यालयों पर सर्च ऑपरेशन चलाया गया। इस बड़ी कार्रवाई में यह पाया गया कि विभिन्न मदों में महागुन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड द्वारा 6.80 करोड़ की त्रस्ज्ञ जमा नहीं की गई है जिसे तत्काल जमा कराया गया। इस छापेमारी के दौरान अधिकारियों ने कंपनी के दस्तावेज और लेन-देन की जानकारी को खंगालने का काम शुरू कर दिया है। फिलहाल, विभाग ने किसी भी प्रकार का आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है, लेकिन सूत्रों का कहना है कि यह एक बड़े पैमाने पर हो रही जांच है और इससे जुड़ी विस्तृत जानकारी छापेमारी के बाद सामने आ सकती है। वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा यह बताया गया कि अभी यह कार्रवाई जारी है और यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि विभिन्न मदों में कितने देय जीएसटी का भुगतान नहीं किया गया है। यह उम्मीद की जा रही है कि कार्रवाई के पूरा होने तक बड़े पैमाने पर कर वसूली की जाएगी। इस पूरी कार्रवाई को अंजाम देने में आयुक्त श्री आलोक सिंह, अपर आयुक्त श्री अरुण कुमार द्विवेदी, और कर अपवंचन शाखा के वरिष्ठ अधिकारी शामिल रहे।

# राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** 10 फरवरी 2025 को श्री अभिनव गोपाल, मुख्य विकास अधिकारी गाजियाबाद के द्वारा चौधरी छबील दास पब्लिक स्कूल पटेल नगर गाजियाबाद में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का शुभारंभ डॉ अखिलेश मोहन मुख्य चिकित्सा अधिकारी गाजियाबाद एवं डॉ रविंद्र कुमार नोडल अधिकारी, श्री अनुराग भारती जिला कार्यक्रम प्रबंधक, कर्नल रोहित गोस्वामी प्रबंधक एवं श्रीमती तृप्ति बावड़ी प्रधानाचार्य की गरिमामय उपस्थिति में किया गया, जिसमें आयु वर्ग 1 वर्ष से लेकर 19 वर्ष तक के समस्त लक्षित बच्चों को कृमि उन्मूलन हेतु टैबलेट एल्बेंडाजोल खिलवाने हेतु जागरुक एवं प्रेरित किया गया एवं स्कूल में उपस्थित लक्षित आयु वर्ग के बच्चों को मुख्य विकास अधिकारी एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी गाजियाबाद के द्वारा टैबलेट एल्बेंडाजोल खिलवाई गई।





# सिपाही भर्ती दौड़ में महिला अभ्यर्थियों ने दिखाया दम

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** यूपी पुलिस सिपाही भर्ती परीक्षा में सोमवार से दौड़ शुरू हो गई। पहले दिन महिला अभ्यर्थियों ने दौड़ में दम दिखाया। 500 को बुलाया गया था। 21 गैर हाजिर रहीं, जबकि 479 ने दौड़ में भाग लिया। दौड़ के दौरान तीन बेहोश हो गईं। तीनों को एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेजा गया। सोमवार को गौतमबुद्धनगर, गाजियाबाद, हापुड़, मेरठ, मुजफ्फरनगर, सहारनपुर, बागपत और शामली की बेटियों ने दौड़ में हिस्सा लिया। 2400 मीटर की दौड़ पूरी करने के लिए 14 मिनट का वक्त तय किया गया था।

निर्धारित वक्त में 354 महिला अभ्यर्थियों ने दौड़ पूरी की जबकि 125 असफल रहीं। 150-150 की संख्या में दौड़ कराई गई। मंगलवार और बुधवार को भी दौड़ होगी। करीब दो हजार अभ्यर्थी दौड़ में शामिल होंगी। 26 दिसंबर 2024 को पुलिस लाइन में गौतमबुद्धनगर, गाजियाबाद, हापुड़, मेरठ, मुजफ्फरनगर, सहारनपुर, बागपत और शामली के 23,086 महिला और पुरुष अभ्यर्थियों के शारीरिक मापतौल और शैक्षिक प्रमाण पत्रों की जांच हुई। इसमें से 13,954 महिला और पुरुष अभ्यर्थी सफल रहे। अब इनकी दौड़ कराई जा रही है। ओमवीर सिंह ने बताया कि वह गांव कसेरुआ कलां जनपद शामली के निवासी हैं। बड़ा बेटा संजय कुमार दिल्ली पुलिस में है। दो बेटियां यूपी पुलिस की तैयारी कर रही हैं। उनके छोटे भाई का एक बेटा सेना में है और एक यूपी पुलिस में।

# हर रविवार नगर निगम लगा रहा गृहकर लगवाने के लिए कैम्प: महापौर

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** नगर निगम निरंतर गृहकर लगाने और वसूली पर कार्य कर रहा है। लेकिन कुछ कॉलोनियों अभी भी गृहकर लगने से वंचित रह गई है, जिसके लिए महापौर द्वारा नगर आयुक्त एवं अधिकारियों के साथ योजना बनाकर नए गृहकर लगाने एवं गृहकर वसूली के कार्यवाही को लेकर कार्य किया जा रहा है। जिसमे सप्ताह में रविवार के दिन सभी जोन में किसी न किसी वार्ड में कैम्प लगाया जा रहे हैं। जिससे नगर निगम की आय बढ़ाई जा सके और इसी क्रम में वार्ड 56 पार्षद मनोज त्यागी द्वारा महापौर सुनीता दयाल से अपने वार्ड के गंगा एनक्लेव, विष्णु एनक्लेव, पंचशील अपार्टमेंट,एवं शेवियर अपार्टमेंट में रविवार को कैम्प लगाने का आग्रह किया। जिसमें महापौर द्वारा तत्काल प्रभाव से अधिकारियों से वार्ता कर रविवार को गृहकर के लिए कैम्प लगाने के लिए निर्देशित किया और अब रविवार के दिन वार्ड के उपरोक्त 4 स्थलों पर कैम्प लगाकर नए गृहकर एवं गृहकर जमा कराया जाएगा। जिससे वार्ड के नागरिकों को सहूलियत मिलेगी और नगर निगम की आय में वृद्धि होगी। महापौर ने बताया कि नगर निगम द्वारा प्रत्येक रविवार को वार्डो में कैम्प लगाए जा रहे है। लेकिन शहरवासियों को भी गृहकर लगवाने और समय से जमा करने को लेकर जागरूक रहने की आवश्यकता है।

कई बार लोग गृहकर लम्बे समय तक जाम नही करते और वह बढ़ता रहता है व ब्याज भी लगता है इसलिए गृहकर समय से लगवाने और जमा करने के लिए लोग जागरूक रहे।

# होंडा सवार बदमाशों से थाना सूरजपुर पुलिस की मुठभेड़ , 1 घायल समेत 2 गिरफ्तार

वेलकम इंडिया



**इंद्रेश शर्मा, गौतमबुद्धनगर ।** जिला गौतमबुद्धनगर की थाना सूरजपुर पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ :17 मामलों में वांछित बाइक चोर को लगी गोली, एक साथी गिरफ्तार; अवैध हथियार और चोरी की बाइक हुई बरामद। सेंट्रल नोएडा डीसीपी शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया सूरजपुर थाना क्षेत्र में बुधवार दोपहर पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ में एक बदमाश को गोली लगी, जबकि उसके साथी को गिरफ्तार कर लिया गया। घायल बदमाश की पहचान दिलशाद उर्फ इरशाद के रूप में हुई है, जो गाजियाबाद के टीला मोड़ का रहने वाला है। उसके साथी अशरफ को भी पकड़ लिया गया, जो मसूरी गाजियाबाद का निवासी है। घटना दोपहर करीब 12:44 बजे की है, जब सूरजपुर पुलिस मोजर बीयर गोल चक्कर पर चेकिंग कर रही थी। पुलिस ने होंडा बाइक पर सवार दो संदिग्धों को रोकने का इशारा किया, लेकिन उन्होंने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी फायरिंग की, जिसमें दिलशाद घायल हो गया। दोनों बदमाशों से एक-एक अवैध तमंचा 315 बोर, दो खोखा कारतूस और दो जिंदा कारतूस बरामद हुए हैं। इनके पास से चोरी की होंडा बाइक और एक कटी हुई नीली रंग की अपाचे बाइक भी मिली है। साथ ही चार मोटरसाइकिल के पार्ट्स भी बरामद किए गए हैं। पूछताछ में पता चला कि ये बदमाश बाइक चोरी कर उनके पार्ट्स अलग-अलग जगहों पर बेचते थे। पुलिस के अनुसार, दिलशाद के खिलाफ गाजियाबाद और गौतम बुद्ध नगर के विभिन्न थानों में 17 आपराधिक मामले दर्ज हैं। घायल बदमाश को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है।

# ग्रेनो का मास्टर प्लान 2041 फेस 2 हुआ लागू



वेलकम इंडिया

**इंद्रेश शर्मा, गौतमबुद्धनगर।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार नए नए शहरों को बसाने में लगी है जो कि एक राज्य की अच्छी सोच को दशार्ता है । अगर विकसित और विकासशील बनने की लिए बेहद आवश्यक माना जाता है। इसी के फलस्वरूप विश्वस्तरीय शहर बनाने में जुटा ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण अब भविष्य के शहर को आकार देने की तैयारी में है। ग्रेनो के फेज दो के मास्टर प्लान 2041 को ग्रेनो प्राधिकरण ने लागू कर दिया है। आगामी 16 वर्षों में ग्रेनो के अनुमानित विकास की रूपरेखा तैयार करने वाले मास्टर प्लान में लगभग 40 लाख की अनुमानित आबादी को समायोजित करने के लिए सुविधाएं विकसित की जाएंगी। भविष्य का शहर बनाने के लिए बिजली, पानी, सड़क, सीवर और साफ सफाई जैसी मूलभूत जरूरतों को पूरा करने के लिए तैयार कार्ययोजना पर काम शुरू किया जाएगा। इसके लिए अधिसूचित गांवों में जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू कर यहां परियोजनाओं के जरिए सुविधाओं के विकास पर काम शुरू किया जाएगा। प्राधिकरण के सीईओ , एनजी रवि कुमार, ने बताया कि फेज दो के मास्टर प्लान 2041 को ग्रेनों प्राधिकरण ने लागू कर दिया है। यहां परियोजनाओं के जरिये सुविधाओं के विकास पर काम शुरू किया जाएगा। ग्रेनो के मास्टर प्लान के अनुसार वर्ष 2011 की जनगणना में क्षेत्र की जनसंख्या 6.87 लाख है जो 2041 तक 40 लाख तक पहुंचने की उम्मीद है। 40 हजार हेक्टेयर भूमि पर फैले इस विशाल क्षेत्र को गौतमबुद्ध नगर से लेकर गुलावठी (बुलंदशहर) तक का विस्तार किया जाएगा। 140 गांवों की जमीन पर औद्योगिक विकास, आवासीय सुविधाएं, आधुनिक परिवहन, शैक्षणिक संस्थान विकसित किए जाएंगे। यहां पर्यावरण संरक्षण के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं। इससे ग्रेनो वर्तमान के हिसाब से वर्ष 2041 तक चार गुना जनसंख्या वाला शहर होगा।